mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-289 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
19 अक्टूबर 2024 शनिवार

दैनिक मीडियाऑडीटर
सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


हरमनप्रीत न्यूजीलैंड...
@ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### इस ठंड दम घोंटेगा पाकिस्तान से आने वाला पराली का धुंआ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नवंबर-दिसंबर में पराली जलाना हमारे पर्यावरण के लिए कितना नुकसानदायक है, यह बताने की जरूरत नहीं। पंजाब-हरियाणा में बड़े पैमाने पर जलने वाली पराली देश की राजधानी दिल्ली की हवा दमघोंटू




बना देती है। हर साल इन्हीं दो महीनों में पराली का धुंआ, वाहनों के धुंए से मिलकर दिल्ली को प्रदूषित रखते हैं। इस बीच स्पेस एजेंसी नासा ने अपनी सैटेलाइट इमेज से कुछ हैरान करने वाले विजुअल्स हमें दिखाए हैं। इस बार पराली का धुंआ खतरनाक रूप से पड़ोसी देश पाकिस्तान से भी आ रहा है।

### महाराष्ट्र में एमवीए में सीट बंटवारे पर फंसा पेच

**मुंबई (एजेंसी)।** महाविकास अघाड़ी में टिकट बंटवारे पर मतभेद सामने आने लगे है। सूत्रों के अनुसार, अघाड़ी में 288 सीटों में 260 सीटों पर सहमति बन गई है, बाकी के 28 सीटों पर गठबंधन सहयोगियों में खींचतान हो रही है। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस से विदर्भ में पांच



सीटें मांगी है। करीब 9 घंटे की मैराथन बैठक में सीटों पर फैसला नहीं होने पर शिवसेना (यूबीटी) ने नाराजगी जाहिर की है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता फैसला लेने में सक्षम नहीं हैं। सीट बंटवारे पर वह राहुल गांधी से बात करेंगे। हालांकि कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि गठबंधन में सभी ठीक है। कोई खटपट नहीं है।

### हरियाणा का युवक अमेरिका में मोस्ट वॉन्टेड घोषित

**जालंधर/रेवाड़ी (एजेंसी)।** अमेरिका सरकार ने दावा किया है कि न्यूयॉर्क में रह रहे सिख फॉर जस्टिस के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में हरियाणा के रेवाड़ी का युवक भी शामिल है। अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन ने युवक विकास यादव का मोस्ट वॉन्टेड पोस्टर जारी किया है। इसमें विकास की 3 फोटो हैं। इनमें एक फोटो में वह सेना की वर्दी में भी है। विकास यादव (39) रेवाड़ी जिले के प्राणपुरा गांव का रहने वाला है। अमेरिकी सरकार का दावा है कि विकास, भारतीय खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग में काम करता है। रॉ ने ही पन्नू की हत्या की साजिश रची। विकास को हत्या के लिए किलर हायर करने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोपी बनाया गया है।



# बाल विवाह कानून में कई खामियां, अवेयरनेस जरूरी

- **एससी बोला**-बाल विवाह जीवनसाथी चुनने का अधिकार छीनता है
- **सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**-इसे पर्सनल लॉ से नहीं रोका जा सकता है




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बाल विवाह को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा, बाल विवाह रोकने के लिए हमें अवेयरनेस की जरूरत है, सिर्फ सजा के प्रावधान से कुछ नहीं होगा। सीजेआई ने कहा, हमने बाल विवाह की रोकथाम पर बने कानून के उद्देश्य को देखा और समझा। इसके अंदर बिना किसी नुकसान के सजा देने का प्रावधान है, जो अप्रभावी साबित हुआ। हमें जरूरत है अवेयरनेस कैंपेनिंग की। सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलेंटरी एक्शन ने 2017 में लगाई थी। सोसायटी का आरोप था कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को शब्दशः लागू नहीं किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने जागरुकता अभियान और प्रशिक्षण जैसे विशिष्ट कार्यक्रमों पर सवाल उठाते हुए कहा था -ये कार्यक्रम और व्याख्यान वास्तव में जमीनी स्तर पर चीजों को नहीं बदलते हैं।

# झारखंड में एनडीए में हो गया सीटों का बंटवारा

### पूरा जोर लगाने के बाद भी नीतिश-चिराग को मिलीं 2-1 सीट

**रांची (एजेंसी)।** चुनावी समर के लिए तैयार हो चुके झारखंड में एनडीए ने सीटों का बंटवारा फाइनल कर लिया है। 81 विधानसभा सीटों में से बीजेपी 68, आजसू 10, जेडीयू 2 और लोजपा (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। बीते कई महीने से झारखंड में चुनाव लड़ने के लिए जेडीयू और लोजपा (रामविलास) भी तैयारी कर रहे थे लेकिन उन्हें काफी कम सीटें दी गई हैं। झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को वोटिंग होगी। 23 नवंबर को वोटों की गिनती की जाएगी। झारखंड में विधानसभा चुनाव जीतने के लिए विपक्षी दल बीजेपी ने पूरी ताकत लगाई हुई है। पार्टी ने बेहद हिमंता बिस्वा सरमा जैसे वरिष्ठ नेताओं को झारखंड चुनाव में कमल खिलाने का टास्क दिया है।




अनुभवी और लंबे वक्त तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री और हिंदुत्व के पोस्टर ब्वॉय झारखंड एनडीए में बीजेपी के अलावा आजसू, जेडीयू और चिराग पासवान की पार्टी एलजेपी शामिल हैं।

# अब 40 मिनट में पहुंचेंगे बरेली से बदायूं!

## नितिन गडकरी का यूपी वालों को दीवाली पर बड़ा तोहफा

### फोरलेन निर्माण के लिए 1527 करोड़ रुपये की दी मंजूरी

**बरेली (एजेंसी)।** यूपी में एक्सप्रेसवे लगातार बन रहे हैं। कई नए एक्सप्रेसवे का काम जारी है। साथ ही पहले से बने हुए एक्सप्रेसवे को भी जोड़ा जा रहा है। इसी बीच केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बरेली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बदायूं से बरेली तक फोरलेन निर्माण के लिए 1527 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू होगा, जिससे बरेली से मथुरा तक यात्रा करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। गडकरी ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं। एनएचएआई के अधिकारियों ने छह महीने के भीतर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन दिया है। दरअसल अब बरेली से मथुरा तक 216 किलोमीटर तक हाईवे को चार



चरण में बनाया जाना है। पहले चरण में मथुरा से हाथरस और दूसरे में हाथरस से कासगंज के बीच काम शुरू हो गया है। तीसरे चरण में कासगंज से बदायूं तक काम वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की एनओसी नहीं मिलने की वजह से अटका है। बरेली के फरीदपुर क्षेत्र में गौसगंज क्रॉसिंग पर जाम की समस्या से निपटने के लिए जल्द ही बाईपास का निर्माण किया जाएगा। एनएच-24 को बुखारा रोड से जोड़ने वाले इस बाईपास की चौड़ाई सात मीटर होगी, जिस पर लगभग 22 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पीडब्ल्यूडी ने इस योजना को लखनऊ मुख्यालय भेजा है और जल्द ही बजट जारी होने की उम्मीद है। बरेली-बदायूं फोरलेन परियोजना के लिए दो साल पहले ही जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इसमें बरेली और बदायूं के 70 गांवों की 118 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहीत की गई थी, लेकिन बजट की मंजूरी में देरी होने के कारण काम रुका हुआ था। अब बजट स्वीकृत होने के बाद काम तेजी से आगे बढ़ेगा। अधिकारी बरेली से बदायूं के बीच जमीन चिह्नित कर रहे हैं। मुआवजा तय हो चुका है।

# ब्रिक्स समिट में शामिल होने रूस जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी

### 22-23 अक्टूबर को समिट, यहां चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग से मुलाकात संभव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22 और 23 अक्टूबर को होनी वाली ब्रिक्स समिट में शामिल होने के लिए रूस जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी है। रूस इस साल 16 वीं ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता कर रहा है। रूस के कजान में होने वाली इस समिट के दौरान, पीएम मोदी सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी समिट में शामिल होंगे। इस दौरान पीएम मोदी और जिनपिंग के बीच मुलाकात हो सकती है। दोनों के बीच आखिरी बार 2022 में इंडोनेशिया के बाली में जी 20 समिट के दौरान मुलाकात हुई थी। इस साल जुलाई में मोदी रूस दौरे पर गए थे। इस दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने उन्हें ब्रिक्स समिट के लिए न्योता दिया था। मोदी जुलाई में सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मॉस्को गए थे।



# इजराइल ने हमास के चीफ सिनवार को भी कर दिया ढेर

- यही आतंकी 7 अक्टूबर के हमले का था मास्टरमाइंड
- नेतन्याहू बोले-अब हिसाब बराबर, लेकिन जंग जारी रखेंगे

**तेल अवीव (एजेंसी)।** इजराइल पर 7 अक्टूबर 2023 को किए गए हमले का मास्टरमाइंड हमास चीफ याह्या सिनवार मारा गया है। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने गुरुवार रात को सिनवार की मौत की पुष्टि की। नेतन्याहू ने वीडियो मैसेज में कहा- हमने हिसाब चुकता कर दिया, लेकिन जंग अभी जारी है। दरअसल इजराइल डिफेंस फोर्सेस ने 16 अक्टूबर को रुटीन ऑपरेशन में दक्षिणी गाजा की एक इमारत पर हमला किया था। इसमें हमास के 3 सदस्यों के मारे जाने की खबर आई। बाद में पता चला कि इनमें से एक याह्या सिनवार है। सोशल मीडिया पर इसके फोटो वायरल हुए। इसमें उसके चेहरे, दांत और घड़ी से दावा किया गया कि मारा गया शख्स याह्या सिनवार है। सिनवार की मौत की जांच के लिए डीएनए टेस्ट किया गया। जंग शुरू होने के एक साल 16 दिन में सिनवार का खात्मा 7 अक्टूबर को हमास ने इजराइल पर 3 हजार से ज्यादा रॉकेट दागे थे। इसके अलावा कई सौ लड़ाके इजराइल में घुसे थे, जिन्होंने कई इजराइलियों को मारा और 200 से ज्यादा को बंधक बना लिया था। इसी दिन से इजराइल ने सिनवार की तलाश शुरू कर दी थी।



# राजस्थान की चुनावी जंग में कांग्रेस को डबल झटका!

## हनुमान बेनीवाल ने बढ़ाई टेंशन, बीएपी ने दिखाए तेवर

### राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव




**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार 18 अक्टूबर से शुरू हो गई है जो कि 25 अक्टूबर तक चलेगी। उपचुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ टिकट के दावेदारों की जोर आजमाईश तेज हो गई है। भाजपा सभी सातों सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगी लेकिन कांग्रेस की तरफ से फिलहाल स्थिति साथ नहीं है। हालांकि कांग्रेस की ओर से कहा गया है कि वे सभी सातों सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। उधर, लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जिन पार्टियों के साथ गठबंधन किया था। वे पार्टियां अब अलग से ताल ठोकने के मूड में है। अगर आरएलपी और बीएपी अपने स्तर पर चुनाव लड़ती है तो उपचुनाव में कांग्रेस का रिकॉर्ड खराब होना तय है। गठबंधन वाली पार्टी आरएलपी ने कांग्रेस से दो सीटें मांगी है। उधर बीएपी ने भी तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही है। इन पांच सीटों पर अगर कांग्रेस ने आरएलपी और बीएपी की शर्तें नहीं मानी तो जीत आसान नहीं होगी। कांग्रेस के साथ गठबंधन करने वाली पार्टी आंखें दिखा रही हैं।

# जम्मू और कश्मीर को स्टेटहुड के प्रस्ताव को उमर कैबिनेट की मंजूरी

- मुख्यमंत्री उमर पीएम मोदी से 2 दिन में मुलाकात कर ड्राफ्ट सौंपेंगे

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कैबिनेट ने प्रस्ताव पास कर दिया है। गुरुवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में यह फैसला लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, उमर 2 दिन में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और उन्हें प्रस्ताव का ड्राफ्ट सौंपेंगे। उमर ने विधानसभा चुनाव के दौरान भी कहा था कि कैबिनेट की पहली मीटिंग में ही जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के प्रस्ताव को मंजूर किया जाएगा। 16 अक्टूबर को सीएम पद की शपथ लेने के बाद अगले दिन ही उन्होंने प्रस्ताव पास किया। कैबिनेट की मीटिंग में डिप्टी सीएम सुरेंद्र चौधरी, मंत्री सकीना मसूद इटू, जावेद अहमद राणा, जाविद अहमद डार और सतीश शर्मा भी मौजूद थे। दरअसल, केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के साथ ही प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा खत्म करते हुए उसे दो यूनियन टेरिटरी (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था। पीडीपी ने उमर कैबिनेट के फैसले को लेकर कहा कि यह हमारे लिए बड़ा झटका है। उमर सरकार ने स्टेटहुड बहाली का प्रस्ताव क्यों पारित किया। 370 की बहाली पर भी फैसला करना चाहिए था।



# सद्गुरु के फाउंडेशन के खिलाफ बंधक बनाने का केस बंद



### सुप्रीम कोर्ट बोला-लड़कियां बालिग, मर्जी से आश्रम में रह रहीं, वहां पुलिस जांच गलत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने दो लड़कियों को बंधक बनाने के मामले में सद्गुरु जग्गी वासुदेव के ईशा फाउंडेशन के खिलाफ केस बंद कर दिया है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने शुक्रवार को कहा कि मद्रास हाईकोर्ट का ऐसी याचिका पर जांच के आदेश देना सही नहीं था। आश्रम में पुलिस का छापा भी गलत था। कोर्ट ने कहा कि लड़कियों के पिता की याचिका गलत है, क्योंकि दोनों लड़कियां बालिग हैं, जब वे आश्रम में गई तो उनकी उम्र 27 और 24 साल थी। वो अपनी मर्जी से आश्रम में रह रही हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस फैसले का असर सिर्फ इसी केस तक सीमित रहेगा। ईशा फाउंडेशन के खिलाफ रिटायर्ड प्रोफेसर एस कामराज ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। उनका आरोप था कि आश्रम में उनकी बेटियों लता और गीता को बंधक बनाकर रखा गया है। हाईकोर्ट ने 30 सितंबर को मामले के खिलाफ जांच करने और ईशा फाउंडेशन से जुड़े सभी क्रिमिनल केसों की डिटेल पेश करने का आदेश दिया था। अगले दिन 1 अक्टूबर को करीब 150 पुलिसकर्मी फाउंडेशन के हेडक्वार्टर पहुंचे थे। सद्गुरु ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अक्टूबर को मद्रास हाईकोर्ट के फाउंडेशन के खिलाफ पुलिस जांच के आदेश पर रोक लगाई थी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु पुलिस से पुलिस जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था। आज तमिलनाडु पुलिस ने रिपोर्ट पेश की। सुप्रीम कोर्ट में ईशा फाउंडेशन की तरफ से मुकुल रोहतगी ने दलीलें पेश की। वहीं, तमिलनाडु सरकार का पक्ष सीनियर वकील सिद्धार्थ लूथरा ने रखा। केंद्र सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दीं।



संक्षिप्त समाचार

## पन्ना जिले में सकरिया हवाई पट्टी का हुआ शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास के निरंतर नये कीर्तिमान रचे जा रहे है। प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देने के लिये हवाई सेवाओं में निरंतर वृद्धि की जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार पन्ना जिले के सकरिया स्थित नवनिर्मित हवाई पट्टी का गुरूवार को औपचारिक शुभारंभ किया गया। हवाई पट्टी के लोकार्पण से अब पन्ना में भी हवाई सेवा की सुविधा मिल सकेगी। फॉल्कन एविएशन अकादमी द्वारा यहां पायलट प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जाएगा। हवाई पट्टी सकरिया की रूद्रगढ़ के नाम से अलग पहचान भी स्थापित होगी। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पन्ना में हवाई पट्टी के बेहतर स्वरूप में संचालन से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। एविएशन क्षेत्र में कैरियर निर्माण के लिए उत्सुक युवाओं को पायलट प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पन्ना प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। स्थानीय स्तर पर एविएशन सहित अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसरों की व्यापक संभावना है। पन्ना नेशनल पार्क में बाघ की मौजूदगी ने विश्वभर के पर्यटकों को आकर्षित किया है। धार्मिक नगरी पन्ना के मंदिरों की अलग पहचान है। हवाई पट्टी से निर्माण धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यहां वेलनेस सेन्टर का भी अच्छा स्कोप है। उन्होंने उम्मीद की कि फ्लाइट कनेक्टिविटि मिलने से पन्ना अन्य शहरों से सुगमतापूर्वक जुड़ सकेगा। कार्यक्रम में जन-प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिवनी जिले के हादसे पर दु.ख व्यक्त किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिवनी जिले की लखनादौन तहसील में ट्रैक्टर-ट्रॉली के हाई टेंशन लाइन के चपेट में आने से तीन नागरिकों की करंट लगने से हुई असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पीड़ादायक घटना है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजन को यह असीम दुःख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना बाबा महाकाल से की है। इस हादसे में दिवंगत नागरिकों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि देने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्घटना में घायलों के समुचित उपचार के लिए भी सिवनी जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है।

## किसानों को व्यवस्थित तरीके से हो खाद का वितरण- मंत्री कंषाना

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में कहीं भी किसानों को खाद की समस्या उत्पन्न न हो। किसानों को व्यवस्थित तरीके से खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाये। मंत्री श्री कंषाना श्यामला हिल्स स्थित निवास पर प्रबंध संचालक मार्कफेड श्री आलोक कुमार सिंह, संचालक कृषि श्री अजय गुप्ता एवं अन्य अधिकारियों के साथ प्रदेश में खाद वितरण की व्यवस्था पर चर्चा कर रहे थे। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी खाद की कालाबाजारी नहीं हो। व्यापारियों द्वारा खाद को डंप करके न रखा जाये। उन्होंने ऐसा करते पाये जाने पर जिलों में पदस्थ उप संचालक कृषि को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि टीम बनाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। मंत्री श्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश में केन्द्र सरकार से मांग कर पर्याप्त मात्रा में खाद की आपूर्ति बनाई रखी जाये। जिन जिलों में खाद की रैक नहीं पहुंच रही है वहाँ पर्याप्त खाद पहुंचाने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। किसानों को कोई भी समस्या नहीं होने दी जायेगी।

## छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर तक कर सकेंगे आवेदन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग श्रेणी (सभी वर्ग) के शोधार्थियों को पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इसके अनुसार सत्र 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग / अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थी, पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए 18 नवंबर 2024 तक आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे। उक्त शोधार्थियों को अपना आवेदन पत्र, संस्था/शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, तृतीय तल सतपुडा भवन, भोपाल में 18 नवंबर तक जमा करना/भेजना होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र उच्च शिक्षा विभाग की वेबसाईटपर नवीन निर्देश के अंतर्गत उपलब्ध है, जो अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) के शोधार्थियों को पीएच.डी. शोध छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने के बावत शीर्षक पर अंकित है।

# आयुर्वेद उपचार की प्राचीन और कारगर पद्धति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** आयुर्वेद उपचार की प्राचीन पद्धती है। यह वर्तमान में भी उपचार की एक महत्वपूर्ण पद्धति है। यह बात पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कही। राज्यमंत्री श्रीमती गौर शरद पूर्णिमा के अवसर पर अयोध्या नगर दशहरा मैदान में आयोजित 34वें आयुर्वेदिक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर को संबोधित कर रहीं थी। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि परमार्थ और परोपकार करनेवालों के साथ अपने आप लोग जुडते जाते हैं। उन्होंने कहा कि नाड़ी वैद्य पंडित चंद्रशेखर तिवारी जी शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर परोपकार का कार्य कर रहें हैं। श्रीमती गौर ने शिविर में भाग लेने वाले नागरिकों से कहा कि हमें उपचार की प्राचीन पद्धति आयुर्वेद पर विश्वास करना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से रोगों का स्थाई समाधान होता है। श्रीमती गौर ने नागरिकों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि आयुर्वेद से उपचार के लिए लगाया गया निःशुल्क शिविर सराहनीय है। उन्होंने बताया कि भोपाल में विशेष औषधि पार्क




बनाया जा रहा है। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि भोपाल के 150 मंदिरों के लिए 11-11 पौधे मंदिर परिसर में लगाने के लिए दिए गए है। कार्यक्रम के प्रारंभ में नाड़ी वैद्य पंडित तिवारी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले शिविर में श्वास संबंधी रोगों के मरीजों को नाड़ी परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि दी जाती है। औषधि, गाय के दूध से बनी चावल की खीर केले के पत्ते पर दी जाती है। शिविर में हजारों की संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। शिविर का आयोजन अखंड आयुर्वेद भवन महौबा ने किया। श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर के महंत श्रीराम दास, पार्षद श्रीमती उर्मिला मौर्य और श्रीमती शिरोमणी शर्मा सहित अन्य गणमान्य शामिल थे।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री गड़करी करेंगे दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन गड़करी शनिवार को रवीन्द्र भवन भोपाल में सड़क और पुल निर्माण के क्षेत्र में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों'' पर दो दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ करेंगे। सेमिनार में सड़क और पुल निर्माण की नवीनतम तकनीकों, सामग्रियों और अनुबंध निष्पादन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विशेषज्ञ अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे। सेमिनार का आयोजन भारतीय सड़क कांग्रेस और मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के सहयोग से हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस दो दिवसीय सेमिनार से मध्यप्रदेश के अवसंरचना विकास को नई ऊर्जा मिलेगी और यह आयोजन राज्य की निर्माण परियोजनाओं में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। सेमिनार में विभिन्न तकनीकी-सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देशभर से आए हुए विशेषज्ञ नई तकनीकों, निर्माण सामग्रियों और ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) अनुबंध निष्पादन की चुनौतियों पर अपने विचार रखेंगे। सेमिनार में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह सहित अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहेंगे। सेमिनार के पहले दिन 19 अक्टूबर को प्रमुख चर्चाओं में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नई तकनीकों का कार्यान्वयन, पुल निर्माण में नई मशीनरी का उपयोग और सड़क निर्माण में उपयोग होने वाली नई सामग्रियों पर फोकस रहेगा। सड़क सुरक्षा, परियोजनाओं की मॉनिटरिंग के लिए आईटी तकनीकों का उपयोग, और सीमांत सामग्रियों के उपयोग पर भी गहन मंथन किया जाएगा। दूसरे दिन 20 अक्टूबर को ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) अनुबंधों की संरचना शेड्यूलिंग, अनुबंध निष्पादन में ठेकेदारों की भूमिका और सहायक अभियंताओं की भूमिका पर विस्तृत चर्चा होगी। इसमें अनुबंधों से जुड़े विवादों और चुनौतियों के समाधान पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## जनजातीय विद्यार्थियों के आय, जाति प्रमाण-पत्र और बायोमेट्रिक ई-केवाईसी समग्र के लिए जारी है विशेष अभियान

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डा. कुंवर विजय शाह की संवेदनशील पहल पर जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के हित में गत तीन अक्टूबर से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रमुख सचिव, जनजातीय कार्य विभाग डा. ई. रमेश कुमार ने बताया कि मंत्री डा. शाह के निर्देश पर प्रदेश के 89 जनजातीय विकासखंडों में इस वर्ग के सभी विद्यार्थियों के आय, जाति प्रमाण-पत्र, बायोमेट्रिक ई-केवाईसी बनवाने, इन्हें समग्र पोर्टल पर अपडेशन के लिए जनजातीय विकासखंडों में संकुल स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में संकुल स्तर पर एमपी ऑनलाइन की सेवायें ली जा रही हैं। एमपी आनलाइन के वेंडर की ओर से नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा विद्यार्थियों के जरूरी प्रमाण-पत्रों के अपडेशन करने या नया प्रमाण-पत्र बनाने के लिये प्रक्रिया की जा रही है। प्रमुख सचिव ने बताया कि विद्यार्थियों के आय एवं जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए जरूरी शुल्क राशि जनजातीय कार्य विभाग की ओर से वहन की जा रही है। इससे प्रदेश के जनजातीय वर्ग के सभी विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृत्ति एवं अन्य लाभ प्राप्त हो सकेंगे। विशेष अभियान तीन अक्टूबर से चलाया जा रहा है। इसमें तेज प्रगति दर्ज की गई है। अबतक 30 हजार से ज्यादा जनजातीय विद्यार्थियों के बायोमैट्रिक ई-केवाईसी पूर्ण कर लिये गये हैं। साथ ही 6000 से अधिक विद्यार्थियों के समग्र डेटाबेस के कास्ट कालम में जाति अंकित कराई जा चुकी है। इसके अलावा 700 से अधिक विद्यार्थियों के आय प्रमाण-पत्र बनाकर इनका भी डेटाबेस तैयार कर लिया गया है। सभी 89 जनजातीय विकासखंडों में इस विशेष अभियान की सफलता से प्रेरित होकर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भी सामान्य विकासखंडों में ऐसा ही अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

## सरकार इस दिशा में कार्ययोजना बनाकर कर रही है काम

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश अपनी आवश्यकता की 50 फीसदी बिजली की आपूर्ति सौर ऊर्जा से करेगा। वर्ष 2030 तक लगभग 40 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी। इसमें से आधी यानी 20 हजार मेगावाट बिजली सौर ऊर्जा से बनाई जाएगी। इसके लिए सरकार कार्ययोजना बनाकर काम रही है। आठ हजार मेगावाट सौर ऊर्जा की परियोजना मुरैना, शिवपुरी, सागर और धार में स्थापित करने पर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच सहमति बनी है। आगर, धार, अशोकनगर, भिंड, शिवपुरी और सागर में साढ़े सात हजार मेगावाट ऊर्जा क्षमता की परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। बता दें कि प्रदेश में अभी 26 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यकता होती है। इसमें से सौर ऊर्जा से सात हजार मेगावाट बिजली की पूर्ति हो रही है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 में जब 40 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी, तब आधी बिजली की पूर्ति सौर ऊर्जा से हो जाए। इसे ध्यान में रखते हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा



विभाग ने कार्ययोजना बनाई है। इस योजना के तहत आठ हजार मेगावाट सौर ऊर्जा की परियोजना मुरैना में स्थापित की जाएगी। इस सौर ऊर्जा संयंत्र से बनने वाली बिजली का छह माह उपयोग उत्तर प्रदेश तो शेष छह माह मध्य प्रदेश करेगा। साढ़े सात हजार मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं छह जिलों (आगर, धार, अशोकनगर, भिंड, शिवपुरी और सागर) में प्रस्तावित की गई हैं। इसके लिए 15 हजार हेक्टेयर भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। गांधीनगर में चौथी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर समिट में अवाडा ग्रुप ने पांच हजार करोड़ और रिन्यू पावर ने छह हजार करोड़ रुपये निवेश करने की रुचि दिखाई। इसके अलावा जल संसाधन विभाग भी सौ मेगावाट की परियोजना पर काम कर रहा है। ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में मध्य प्रदेश में तेजी से काम हो रहा है। कई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 20 हजार मेगावाट बिजली सौर ऊर्जा के माध्यम से प्राप्त हो।

## मध्यप्रदेश की बनेगी दीर्घकालिक जलवायु रणनीति

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन मध्यप्रदेश (एप्को) ने डब्ल्यूआरआई इंडिया के तकनीकी सहयोग से मध्यप्रदेश की दीर्घकालिक न्यून उत्सर्जन विकास रणनीति निर्मित करने के लिये परियोजना शुरू की है। यह रणनीति वर्ष 2026 तक तैयार की जाएगी। राज्य शासन द्वारा आवश्यक नीतिगत बदलाव किए जाएंगे एवं रणनीति का क्रियान्वयन किया होगा। एप्को और डब्ल्यूआरआई इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक बहु-हितधारक संवाद कार्यशाला भोपाल में होगी। इसमें वरिष्ठ शासकीय अधिकारी, विषय विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता व अकादमिक संस्थाएं कार्यशाला में आमंत्रित किये गये है, जो मध्यप्रदेश में डीकार्बोनाइजेशन की चुनौतियों से संबंधित क्षेत्रों, वित्तीय और तकनीकी चुनौतियों/बाधाओं और भारत के 2030 तक और 2070 तक के नेट जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों में योगदान करने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य भारत के नेट-जीरो लक्ष्य में योगदान देने की दिशा में राज्य के लिए दीर्घकालिक रणनीति के निहितार्थों पर चर्चा करना और आवश्यक सुझाव प्राप्त करना है। परियोजना का महत्व इसलिए भी है क्योंकि नवंबर 2022 में मिस्र में आयोजित ष्टश्चक्क-27 के दौरान भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) को सौंपी गई। दीर्घकालिक जलवायु रणनीतियों को राष्ट्रीय स्तर पर बनाया गया है, गतिविधियों का क्रियान्वयन राष्ट्रीय, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर पर संचालित करने की आवश्यकता है। इस सन्दर्भ में डब्ल्यूआरआई इंडिया मध्यप्रदेश में राज्य स्तर पर शोध तथा हितधारकों के समन्वय से गतिविधियों व रणनीतियों के क्रियान्वयन के लिये परियोजना का नेतृत्व कर रहा है।

## बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के छात्रावास में अनाधिकृत रूप से रह रहे विद्यार्थी होंगे बाहर, समिति का गठन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के छात्रावास में पासआउट हो चुके विद्यार्थी अपने कमरों को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इससे नव प्रवेशित विद्यार्थियों को छात्रावास में रहने के लिए कमरे आवंटित नहीं हो रहे हैं। ऐसे अनाधिकृत विद्यार्थियों को छात्रावास से बाहर करने के लिए बीयू प्रबंधन ने समिति का गठन किया है। अब समिति विद्यार्थियों से कमरे खाली कराने की कार्रवाई करेगी। बीयू के जवाहर और मुंशी प्रेमचंद छात्रावास में पासआउट विद्यार्थी कमरे छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। वर्तमान सत्र में उन्हें किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश नहीं मिल सका है। इसके कारण बीयू के छात्रावास में रहने की पात्रता नहीं रखते हैं।



बीयू प्रबंधन को उन्हें छात्रावास के कमरों से बाहर करने में परेशानी आ रही है। इस संबंध में छात्रावास के चीफ वार्डन ने बीयू प्रबंधन से शिकायत की है। बीयू प्रबंधन ने छात्रावास में रहने वाले अनाधिकृत विद्यार्थियों को बाहर करने के लिए समिति का गठन किया है। यह समिति छात्रावास के एक-एक कमरे में जाकर विद्यार्थियों का परीक्षण करेगी। जहां अनाधिकृत तौर पर रह रहे विद्यार्थियों से कमरों को खाली कराने की कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए विवि पुलिस की भी मदद ली जाएगी। हालांकि विवि ने छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों को फीस भरने के लिए 21 अक्टूबर तक का समय दिया है। अगर इसके बाद भी जो विद्यार्थी फीस जमा नहीं करेंगे, उन्हें अनाधिकृत माना जाएगा। समिति का अध्यक्ष चीफ वार्डन हेमंत खंडई को बनाया गया है। उनके साथ सात सदस्यों में डॉ. अच्छेलाल, डॉ. सुनील स्नेही, डॉ. सीएस गर्ग, प्राक्टोरियल बोर्ड के सभी सदस्य, अनुशासन समिति के सभी सदस्य, सुरक्षा प्रभारी कपिल सोनी और सुरक्षा अधिकारी डॉ. राघवेंद्र शर्मा को शामिल किया गया है। बीयू के विभागों में बाहर से आए नए विद्यार्थियों ने यूजी के प्रथम वर्ष और पीजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश ले लिया है, लेकिन पासआउस विद्यार्थियों द्वारा छात्रावास के कमरे खाली नहीं करने के कारण नए विद्यार्थियों को छात्रावास में रहने के लिए कमरे आवंटित नहीं हो रहे हैं।

## पेट, बड़ी आंत और रीनल वेन से चिपका था ट्यूमर, एम्स में सर्जरी से महिला को मिला नया जीवन

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** एक 45 वर्षीय महिला लंबे समय से पेट के भीतर उभरे ट्यूमर से परेशान थी। उसने ट्यूमर की अनेक अस्पतालों में सर्जरी कराई, लेकिन ट्यूमर फिर से उभर आया और बड़ा हो गया, जिससे इसे हटाना और भी कठिन हो गया। ट्यूमर पेट, बड़ी आंत और बाईं रीनल वेन जैसे महत्वपूर्ण अंगों से चिपका हुआ था, जिससे सर्जरी के दौरान इन अंगों को नुकसान पहुंचाए बिना इसे निकालने की आवश्यकता थी। महिला बीते दिनों राजधानी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पहुंची, जहां डॉक्टरों की टीम ने छह घंटे तक चली सर्जरी के बाद ट्यूमर को बाहर निकाल दिया है। यह




ट्यूमर 14.5 गुणा 15 सेमी आकार का था। प्रोफेसर डॉ. मनीष स्वर्णकार के नेतृत्व में डॉ. मूरत सिंह यादव और डॉ. सूर्या जैन की टीम द्वारा यह सर्जरी की गई। डॉ. मनीष स्वर्णकार ने बताया कि इस जटिल सर्जरी में अग्नाशय के हिस्से और तिल्ली को निकाला जाता है। यह एक साधारण मामला नहीं था। ट्यूमर का बड़ा आकार और इसके आस-पास के अंगों से जुड़ा होना इसे अत्यधिक जटिल बना रहा था। हालांकि एम्स में हमारी टीम के प्रयासों और उन्नत तकनीक की मदद से हमने इन चुनौतियों को पार कर लिया। सर्जरी के बाद महिला मरीज की स्थिति स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही है। डॉ. स्वर्णकार ने बताया कि इस सर्जरी में ट्यूमर को आसपास के अंगों से सावधानीपूर्वक अलग किया गया, ताकि ऊतकों को न्यूनतम क्षति हो। ट्यूमर को पूरी तरह से हटाने के लिए डिस्टल पैंक्रियाटेक्टोमी और स्प्लेनेक्टोमी करना आवश्यक था, ताकि भविष्य में ट्यूमर की पुनरावृत्ति और जटिलताओं से बचा जा सके। ऐसे दुर्लभ ट्यूमर सॉलिड स्यूडोपैपिलरी के रूप में भी जाने जाते है। यह जटिल और जीवनरक्षक सर्जरी एम्स भोपाल के चिकित्सा विशेषज्ञों के कौशल और समर्पण को दर्शाती है। हमारी टीम ने अत्यधिक चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्नत तकनीक और सटीकता के साथ इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

हम उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और चिकित्सा उत्कृष्टता की सीमाओं को पार करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

# बकरी खरीदार बन पकड़ा तार चोर गिरोह

## वेश बदलकर एक महीने तक टीआई-हवलदार घूमे, बच्चों से दोस्ती करने पर मिला सुराग

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल की खैरहा पुलिस ने बिजली के तार चोरी के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 11 हजार केवी के करीब 4 लाख के तार मिले हैं। आरोपियों ने उमरिया जिले के पाली थाना क्षेत्र के घुनघुटी, मुंदरिया में नई रेलवे लाइन (बंद लाइन) के तार चोरी करने की भी बात कबूली है। इनका सुराग लगाने के लिए थाना प्रभारी दिलीप सिंह, हवलदार सतीश चौरसिया के साथ करीब एक महीने बैगा बहुल गांव तुम्मीवार में बकरी खरीदार बनकर घूमे, तब जाकर इन्हें पकड़ पाए। अभी भी दो आरोपी फरार हैं।





थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि डेढ़-दो साल से लगातार क्षेत्र में बिजली के तार चोरी की घटनाएं हो रही थीं। पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। स्थानीय कबाड़ चोरों से पूछताछ की गई, तभी यह बात सामने आई कि अनूपपुर जिले के तुम्मीवर गांव के कुछ लड़के अनूपपुर में रेलवे के बिजली तार चोरी में पकड़े गए थे। फिर इनकी पड़ताल शुरू की गई।

**पुलिस की वर्दी या वाहन में जाने से कुछ हाथ नहीं लगा:** तुम्मीवर गांव बैगा बहुल है। यहां पुलिस की वर्दी या वाहन में जाने से कुछ हाथ नहीं लग रहा था। इसलिए हमने फैसला किया कि जब तक ग्रामीणों से दोस्ती नहीं होगी, तब तक कुछ सुराग नहीं मिलेगा। इसके बाद थाना प्रभारी और हवलदार लगभग एक माह तक वेश बदलकर गांव में आवाजाही करते रहे। एक माह में 15 बार से ज्यादा दोनों गांव पहुंचे।

**बच्चों ने बताया- कुछ लोग रात में जाते हैं, सुबह-सुबह लौट आते हैं:** बकरी खरीदने के नाम पर कुछ ग्रामीण उनके संपर्क में आए। इस बीच कुछ बच्चों ने बताया कि गांव के कुछ लोग बिजली तार चोरी करने रात में जाते हैं और सुबह चले आते हैं। पुलिस को वहां से आरोपियों के नाम और मोबाइल नंबर मिल गए। जब इनकी मोबाइल की लोकेशन चेक की गई तो वह घटनास्थल के पास मिली। इसके बाद पुलिस ने एक-एक कर पांचों आरोपियों को पकड़ लिया।

**रस्से से शॉर्ट सर्किट कर काटते थे तार:** आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम लोग नायलोन का रस्सा, जिसमें कपड़ा लपेट कर तार के ऊपर फेंक देते थे। इसके बाद सभी तार को आपस में जोड़कर शॉर्ट सर्किट करा देते। जैसे बिजली गुल होती वैसे ही कटर, चाकू, गड़ासा से लकड़ी की गुटखा में तार को रखकर काट लेते थे।

**इनकी हुई गिरफ्तारी:-**

(1) दीपक कुमार चक्रवैस (34) निवासी बंगवार कॉलोनी थाना धनपुरी।

(2) नीरज बैगा (19) निवासी ग्राम तुम्मीवर, थाना चचाई, जिला अनूपपुर।

(3) संजू बैगा (28) निवासी ग्राम तुम्मीवर, थाना चचाई, जिला अनूपपुर।

(4) गुरु प्रसाद बैगा (22) निवासी तुम्मीवर, थाना चचाई, जिला अनूपपुर।

(5) अनिल बैगा (21) निवासी तुम्मीवर, थाना चचाई, जिला अनूपपुर।

## रुपए हड़पने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### कर्मचारी से उधार के नाम पर लिए 28 हजार रुपए, फिर नहीं दिए

**मीडिया ऑडीटर, अनूपपुर निप्र।** अनूपपुर में बिजुरी पुलिस ने ठगी के आरोपी परवेज अंसारी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। परवेज ने कॉलरी कर्मचारी को 25 हजार रुपए उधार दिए थे। जिसके बदले उसने उस व्यक्ति से 28 लाख रुपए की राशि हड़प ली थी। जिसकी शिकायत फरियादी ने बिजुरी थाने में किए था।

**ये था पूरा मामला:** बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताए कि 17 अक्टूबर को फरियादी लखन केवट पिता लक्ष्मण केवट (61) निवासी जमुनिहा ने सूदखोरी की शिकायत दर्ज कराए था। उसने बताया था कि वह कॉलरी का रिटायर कर्मचारी है। 02- 03 साल पहले अचानक पैसे की आवश्यकता पड़ने पर उसने परवेज अख्तर अंसारी निवासी मनेन्द्रगढ़ से ब्याज मे 25 हजार उधार लिए था। जिसने फरियादी का पासबुक, चेक बुक,



आधार कार्ड, एटीएम और मोबाइल धोखा देकर कब्जे में रख लिया था।

फरियादी अपनी दैनिक आवश्यकताओं के लिए भी सूदखोर पर आश्रित हो गए। जून 2024 मे रिटायरमेंट के बाद उसके खाते में रिटायरमेंट के करीब 30 लाख आए थे। जिसमें से 28 लाख 48 हजार आरोपी परवेज अख्तर अंसारी ने ब्याज के रुप में हड़प लिया था।

विरोध करने पर उसे चेक बाउंस और बलात्कार जैसे केश मे फंसाने और परिवार को जान से खत्म कर देने की धमकी दे रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## युवती से गैंगरेप, पीटा फिर गला घोंटकर हत्या

### आत्महत्या दिखाने शव पेड़ से लटकाया, 5 दिन बाद बॉयफ्रेंड समेत दो आरोपी पकड़ाए

**मीडिया ऑडीटर, शहडोल निप्र।** शहडोल में 14 अक्टूबर को मिले युवती के शव के मामले में पुलिस ने खुलासा किया है। युवती की गैंगरेप के बाद गला दबाकर हत्या की गई थी। सुसाइड दिखाने के लिए युवती के शव को पेड़ से लटका दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को दो आरोपी दीपेश जायसवाल (22) और सूरज जायसवाल (24) को गिरफ्तार किया है।

मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के झींक बिजुरी चौकी अंतर्गत मामरा गांव का है। गांव के जंगल में 14 अक्टूबर को पेड़ से लटका युवती का शव मिला था। युवती दुपट्टे से फंदे से लटकी थी। प्राथमिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही थी। परिजन ने हत्या का आरोप लगाया।



**गांव वालों के बयान से हुआ शक:** जैतपुर थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड़ ने बताया कि जिस पेड़ पर शव लटका था, वहां से कुछ दूर युवती की चूड़ी, बाल और बाल का बक्कल मिला था। इसके बाद पुलिस ने परिजन और गांववालों से पूछताछ की। इसमें युवती के प्रेम-प्रसंग के बारे में पता चला।

**आखिरी बार प्रेमी के साथ दिखी थी:** ग्रामीणों ने बताया कि आखिरी बार युवती अपने प्रेमी के साथ बाइक पर जाते दिखी थी। पुलिस ने युवक की लोकेशन, कॉल डिटेल रिपोर्ट निकाली, तो शक गहरा गया। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर पूछताछ की। सख्ती करने पर आरोपी ने वारदात कबूल कर ली।

**विरोध करने पर मिलकर पीटा:** दोनों आरोपी युवती के ही गांव के रहने वाले हैं। दीपेश से युवती दो साल से जानती थी। दोनों एक--दूसरे से प्रेम करते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 14 अक्टूबर को बहला--फुसलाकर बाइक पर बिठाकर ले गए। यहां दोनों ने युवती से दुष्कर्म किया। इस युवती ने थाने में शिकायत करने की धमकी दी। आरोपियों ने पहले उसे पीटा, लेकिन जब वह नहीं मानी, तो उसका गला घोंट दिया। इसे आत्महत्या दिखाने के लिए उसके दुपट्टे से पेड़ पर लटका दिया।

## महिला ने भाई-भाभी पर लगाया चोरी का आरोप

### सीधी एसपी से शिकायत, टीआई बोले- दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सीधी जिले के जमोड़ी थाना अंतर्गत जमोड़ी सेंगरान में एक महिला ने भाई और भाभी के साथ अन्य लोगों पर घर में चोरी करने का आरोप लगाया है। घटना 10 अक्टूबर की है। पीड़िता शुक्रवार को एसपी कार्यालय में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की मांग है।

पीड़ित महिला राजकुमारी साहू का आरोप है कि वह पहले भी सीसीटीवी में कैद घटना को लेकर जमोड़ी थाने में दर्ज करा चुकी है। हालांकि, इस पर थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। बीट प्रभारी के द्वारा सही तरीके से जांच नहीं की जा रही है। हालांकि, जमोड़ी थाना प्रभारी विशाल शर्मा ने जांच और कार्रवाई का भरोसा दिया है। साथ ही





घर में टूटे हुए ताले को बदलवाने के लिए भी खाना प्रभारी ने कहा है। साथ ही आश्वासन भी दिया है कि हम कार्रवाई करेंगे।

**जानें पूरा मामला:** दरअसल, सेंगरान की रहने वाली राजकुमारी साहू अपने घर पर नहीं थी। दूसरे जगह बने घर में रह रही थी। तभी घर को सुना देख उनके ही भाई दिनेश साहू और भाभी सुनीता साहू ने अपनी बच्चियों के साथ मिलकर पहले तो टांगी से दरवाजा को तोड़ा और अंदर रखा हुआ मोटर पंप सहित कीमती सामान और नकद राशि को चुराकर ले गए। जिसके बाद घटना का वीडियो भी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। इसके बाद पीड़िता के द्वारा थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए आवेदन दिया गया है।

वही पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी जमोड़ी विशाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि मामला हमारे संज्ञान में आया है हमने बीट प्रभारियों को जांच करने के लिए निर्देशित कर दिया है। जांच के बाद दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## रोगी कल्याण समिति के कर्मचारियों का हड़ताल

### 5 महीने से नहीं मिला वेतन, स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है असर

**मीडिया ऑडीटर, सिंगरौली निप्र।** सिंगरौली जिले में वेतन न मिलने से नाराज रोगी कल्याण समिति के 39 कर्मचारी शुक्रवार को अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। इन कर्मचारियों को पिछले 5 महीने से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन न मिलने की वजह से उन्हें के सामने दो वक्त की रोटी के लिए भी परेशानी हो रही है। कर्मचारी जो किराए के मकान में रहते हैं। उन्होंने मकान का किराया तक नहीं दिया है। ऐसी स्थिति में उनके पास हड़ताल करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। हालांकि, वह नियमित स्टाफ की तरह लगातार अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके बावजूद इसके उन्हें वेतन नहीं मिल रहा है।

वहीं इस मामले पर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन देवेंद्र सिंह ने बताया कि रोगी कल्याण



समिति के इन कर्मचारियों को वेतन देने के लिए उन्हें 3 लाख 60 हजार रुपए प्रतिमाह की आवश्यकता होती है लेकिन रोगी कल्याण समिति के पास 1 लाख 10 हजार रुपए ही हर महीने आता है। 2 लाख रुपए आयुष्मान योजना के तहत अस्पताल में पहुंचता था।

हालांकि, आयुष्मान फंड का यह पैसा 5 महीने से अस्पताल के अकाउंट पर नहीं पहुंचा है। जिसकी वजह से कर्मचारियों का वेतन नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि शासन स्तर पर तीन बार पत्र भेजा जा चुका है।

# दो दिवसीय अंतर्राज्यीय महा दंगल का हुआ समापन

## 100 पहलवानों ने दिखाया दम, दिल्ली और जम्मू का रहा दबदबा

**मीडिया ऑडीटर, पन्ना निप्र।** पन्ना में शरद पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय अंतर्राज्यीय महा दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें पन्ना के स्थानीय पहलवानों के साथ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के 100 पहलवानों ने भाग लिया। इस महादंगल में दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के पहलवानों ने अपना दबदबा बनाए रखा।

महादंगल के पहले दिन, 16 अक्टूबर को स्थानीय पहलवानों के साथ-साथ दिल्ली और राजस्थान के कुछ पहलवानों की कुश्तियां हुईं। पहले दिन की सबसे बड़ी कुश्ती में गुरु हनुमान अखाड़ा, दिल्ली के भारतीय सेना के चंदन पांडे उर्फ भीम पहलवान ने राजस्थान के शैतान पहलवान को पराजित किया।

**महादंगल में कई राज्यों के पहलवानों ने लिया भाग:** दूसरे दिन, 17 अक्टूबर को मध्य प्रदेश, उत्तर





प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर के पहलवानों के बीच जोरदार मुकाबले हुए, जिसमें जम्मू के रिजवान गनी, सोनीपत हरियाणा के अमित पहलवान, कानपुर यूपी के ओमवीर पहलवान, दिल्ली के हरदीप पहलवान, जबलपुर के शाहिल पहलवान, अयोध्या के बाबा पहलवान, राजस्थान के गोल्टा पहलवान, पन्ना के संतोष पहलवान और हफीज पहलवान ने कुश्तियां जीती।

**विभिन्न राज्यों के पहलवानों ने प्रस्तुत किया जोरदार प्रदर्शन:** महिला पहलवानों में रायबरेली की नीलम और हरियाणा की निर्जला ने मुकाबलों में जीत हासिल की। समापन के दिन, 18 अक्टूबर को सभी पहलवानों को नगद इनामी राशि, शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश पहलवान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन दंगल कार्यक्रम के समापन संयोजक संजय सिंह राजपूत द्वारा किया गया।

**दंगल में पहुंचे नेता और अधिकारियों ने पहलवानों का बढ़ाया हौसला:** इस महादंगल में पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, गुनौर विधायक राजेश वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, भाजपा नेता राम औतार, बबलू यादव, विधायक प्रतिनिधि विष्णु पांडे, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह भैया राजा, कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, एसडीओपी एसपी सिंह बघेल, नपा सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले, थाना प्रभारी रोहित मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रवि राज सिंह यादव, समाजसेवी मनोज केसरवानी, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह यादव सहित सैकड़ों कुश्ती प्रेमी उपस्थित रहे और पहलवानों का हौसला बढ़ाते रहे।

## अमानक बीज पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** अनुज्ञप्ति अधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि मे. किसान बीज भण्डार प्रो. दीपनारायण तिवारी ग्राम कुचवाही वि.ख. सिहावल के बीज विक्रय एवं भण्डारण प्रतिष्ठान से दिनांक 20.07.2024 को तिल-विभूति 999 रिसर्च लाट नम्बर यूएसजे/डीजीबी77/3007/2778 (कोड नम्बर-पीएलएस-56) तिल का नमूना लिया जाकर परीक्षण हेतु बीज परीक्षण प्रयोगशाला रीवा भेजा गया था। बीज परीक्षण प्रयोगशाला रीवा के द्वारा प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर उक्त नमूना का परिणाम अमानक पाया गया है। उन्होने बीज नियंत्रण आदेश 1983 का पालन में उक्त तिल-विभूति 999 पीएलएस-56 का भण्डारण एवं विक्रय प्रतिबंधित किया है। उन्होने मे. किसान बीज भण्डार प्रो. दीपनारायण तिवारी ग्राम कुचवाही वि.ख. सिहावल अमानक तिल-विभूति 999 रिसर्च लाट नम्बर यूएसजे/डीजीबी77/3007/2778 (कोड नम्बर-पीएलएस-56) आनन्द बायोटेक सुदामा नगर इन्दौर म.प्र. के भण्डारण एवं विक्रय के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 07 दिवस के अंदर तर्क संगत जवाब उचित माध्यम से चाहा गया है। तर्क संगत जवाब उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने पर संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय वैधानिक कार्यवाही का निर्णय लिया जावेगा।

## प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का लाभ लेने पोर्टल पर करायें पंजीयन

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े मछुआरों, मत्स्य कृषकों, मत्स्य विक्रेताओं, मत्स्य सहकारी समितियों/मछुआ समूह के सदस्यों एवं मत्स्य उद्यमियों के लिये नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। उक्त पोर्टल पर मत्स्य व्यवसाय से जुड़े सभी व्यक्तियों का पंजीयन किया जाना है। इस पोर्टल का उद्देश्य मत्स्यपालन के व्यवसाय से जुड़े समस्त हितधारकों को एक प्लेटफार्म पर लाना है।

पंजीयन हेतु एनएफडीपी पोर्टल की वेबसाइट है जहाँ व्यक्तिगत तथा संस्था के रूप में पंजीयन के लिए विकल्प उपलब्ध हैं। व्यक्तिगत पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर हैं जबकि संस्था के रूप में पंजीयन हेतु समितिध्समूह का पैन कार्ड तथा पंजीयन प्रमाण पत्र आवश्यक हैं।

उक्त पंजीयन हितग्राही द्वारा स्वयं अथवा अपने आस पास उपलब्ध कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से कराया जा सकता है तथा पंजीयन हेतु कोई शुल्क देय नहीं है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला-सीधी (वीथिका परिसर, कलेक्ट्रेट के सामने में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता हैं।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में संभाग स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार 18 अक्टूबर 2024 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में संभाग स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ पी. के. सिंह प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस संजय गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी, डॉ रामभूषण मिश्रा संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओ. पी. नामदेव ने की।

दो दिवसीय संभाग स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का पहला मैच रीवा और सतना के मध्य खेला गया जिसमें रीवा की टीम दोनों सेट जीतकर मैच अपने नाम किया, तत्पश्चात सतना और शहडोल के मध्य दूसरा मैच खेला गया जिसमें सतना की टीम दोनों सेट जीत के मैच अपने नाम किया। इसके बाद सीधी और शहडोल के बीच मैच खेला गया जिसमें सीधी की टीम मैच जीत गई। प्रथम दिन का चौथा मैच रीवा और सीधी के बीच खेला गया जिसमें रीवा की टीम दोनों सेट जीत के सीधी को हराया।

खबर लिखे जाने तक रीवा 3 मैच, सीधी दो, सतना एक मैच जीत चुकी थी एकमात्र टीम शहडोल थी जो की एक भी मैच नहीं जीत सकी।

### अवैध कट्टे का वीडियो डालने पर युवक गिरफ्तार

## दहशत फैलाने के उद्देश्य से किया था पोस्ट, आरोपी से पूछताछ जारी



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर निप्र।** छतरपुर पुलिस ने गुरुवार रात एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी युवक ने पिछले दिनों अवैध कट्टे के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो डाला था। पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपी की तलाश कर रही थी। मामले में युवक से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक आरोपी छोटू पटैरिया महाराजपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसने कुछ दिनों पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अवैध कट्टे की विडियो पोस्ट की। जो मंगलवार शाम को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वीडियो की जानकारी लगने पर पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी। आरोपी को गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस आरोपी छोटू पटैरिया से मामले को लेकर पूछताछ कर रही है।

**युवक ने दहशत फैलाने को उद्देश्य से डाल था वीडियो:** महाराजपुर थाना प्रभारी बिंदु विश्वास ने बताया कि कुछ दिन पहले एक युवक ने अवैध कट्टे के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। जिसका पता चलने पर आरोपी युवक की तलाश शुरू की गई। जांच में पता चला की युवक ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से विडिओ पोस्ट किया था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

## मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की जांच के निर्देश जारी

**मीडिया ऑडीटर, सीधी निप्र।** त्यौहारों के दौरान दुकानदारों द्वारा मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की बिक्री की जाती है, जिसको खाने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि जांच दल गठित कर जिला अंतर्गत समस्त दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त खाद्य सामग्रियों की सैम्पलिंग की जावे एवं जॉच पश्चात दोषी पाये जाने वाले संचालकों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी जिला सीधी (म.प्र.) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

# विचार


## पंजाब में शैडो मंत्रिमंडल की जरूरत

इतिहास गवाह है कि जब किसी सरकार को प्रचंड बहुमत मिलता है तो वह सरकार आमतौर पर अपने मन मुताबिक फैसले लेने में तत्पर रहती है, भले ही वे फैसले जनहित में न हों। प्रचंड बहुमत के कारण सरकार को कोई भी निर्णय लेने में किसी बाधा का सामना नहीं करना पड़ता और वह विपक्षी दलों से चर्चा किए बिना ही कानून पारित कर देती है। सरकार अपने इन फैसलों को जनता के सामने सही ठहराने के लिए जनसंपर्क विभाग की मदद लेती है और काफी हद तक इस मकसद में सफल भी होती है। ऐसा करने के लिए दुनिया के कई देशों में सरकार के कामकाज के तरीकों को जांचने और संतुलित करने के लिए छाया कैबिनेट की प्रथा लागू की गई है और भारत में भी इस प्रथा का पालन किया जा रहा है, हालांकि यह प्रणाली अभी तक भारत में केवल राज्यों में ही लागू किए जाने की परम्परा है और आज की स्थिति में पंजाब में भी ऐसी प्रथा लागू करना जरूरी हो गया है। पंजाब में शैडो कैबिनेट बनाने की जरूरत के बारे में बात करने से पहले यह जानना जरूरी है कि शैडो कैबिनेट ( छाया मंत्रिमंडल ) किसे कहते हैं और इसकी शुरूआत कब और कैसे हुई थी। छाया मंत्रिमंडल को परिभाषित करने के लिए यह कहा जा सकता है कि आमतौर पर सरकार के विपक्ष के नेता ( एल.ओ.पी. ) अपनी पार्टी के संसद या विधानसभा के वरिष्ठ सदस्यों को छाया मंत्री के रूप में नियुक्त करते हैं। इसके अलावा, सरकार के प्रत्येक विभाग के कामकाज की जांच करने, नीतियों की समीक्षा करने, सरकार को जवाबदेह ठहराने और सरकार की आलोचना करने के लिए सरकारी मंत्रियों के बराबर नागरिक समाज के लोगों, गैर-सरकारी संगठनों और बुद्धिजीवियों का एक समूह होता है। नियुक्त छाया मंत्रियों के समूह को छाया मंत्रिमंडल कहा जाता है। छाया मंत्रिमंडलों की शुरूआत 1836 से मानी जा सकती है जब ब्रिटेन के सर रॉबर्ट पील ने लॉर्ड मेलबर्न की सरकार के कामकाज के तरीकों का विरोध करने के लिए अपनी पिछली सरकार के मंत्रियों को छाया मंत्री के रूप में नियुक्त किया था। भारत में छाया मंत्रिमंडल का गठन 2005 में महाराष्ट्र में शुरू हुआ जब भाजपा और शिवसेना के गठबंधन ने एन.सी.पी.और कांग्रेस सरकार के कामकाज की निगरानी के लिए एक छाया मंत्रिमंडल का गठन किया। 2014 में कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में, 2015 में गोवा में एक एन.जी.ओ. ने, 2018 में केरल में सिविल सोसाइटी ने, 2020 में बिहार के बुद्धिजीवियों ने भी ऐसी ही शैडो कैबिनेट बनाई। सबसे ताजा उदाहरण ओडिशा का है जहां पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कुछ महीने पहले अपनी पार्टी के 50 विधायकों की छाया कैबिनेट बनाई थी। अब बात करते हैं पंजाब में शैडो कैबिनेट बनाने की जरूरत की। जैसा कि पाठक जानते हैं पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार के पास प्रचंड बहुमत है। जिसके कारण सरकार के लिए कोई भी कानून बनाना मुश्किल नहीं होता है और सरकार विपक्षी विधायकों और अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों को सरकार की गतिविधियों और नीतियों के बारे में पूरी जानकारी नहीं देती है और सरकार जो बताना चाहती है वह जनता को परोसा जाता है

# जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र-सरकार से बड़ी उम्मीदें

**ललित गर्ग**

**आखिरकार जमू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जमू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अदुल्ला ने बुधवार को जमू-कश्मीर के मुयमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उमीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अदुल्ला पहले भी एक बार मुयमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अदुल्ला के सामने आम लोगों की उमीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है।**



जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा। जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके। निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं। केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी। राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं।

अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी है। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है।

# याह्या सिनवार की मौत से सारे आतंकी मास्टरमाइंडों के माइंड का फ्यूज उड़ गया है

**नीरज कुमार दुबे**

इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हमास प्रमुख याह्या सिनवार को मार गिराया है। कसाई के नाम से मशहूर याह्या सिनवार को इजराइल ने जिस तरह की मौत दी है वह दुनिया में बैठे हर आतंकी आका के लिए तगड़ा सबक है कि बुरे काम का अंजाम बेहद बुरा ही होता है। हम आपको बता दें कि याह्या सिनवार ही 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हुए भीषण आतंकी हमले की साजिश का मास्टरमाइंड था। इजराइल ने याह्या सिनवार को उसके बिल में ही घुस कर उड़ा दिया और देखते ही देखते वह तस्वीर दुनियाभर में वायरल हो गयी। इजराइल की नीति रही है कि वह अपने दुश्मन को कभी भी नहीं बख्शता। इजराइल का दुश्मन चाहे पाताल में चला जाये या आकाश में, इजराइली सेना उसका विनाश करके ही रहती हैं। हाल के दिनों में इजराइल ने अपने ऐसे दुश्मनों जिनको बड़ा योद्धा माना जाता था, उन्हें मौत की नींद सुला दिया। हाल में मारे गये आतंकियों में हमास नेता इस्माइल हानिये, हिज्बुल्ला प्रमुख नसरल्ला आदि शामिल हैं। अब याह्या सिनवार भी मारा गया जिससे दुनियाभर में आतंकियों के बीच मातम और खौफ का माहौल बन गया है। वैसे याह्या सिनवार के मारे जाने से गाजा के लोगों ने कुछ राहत की सांस भी ली है क्योंकि उन्हें लग रहा है कि अब युद्ध थम सकता है। गाजा के लोगों को लग रहा है कि जब इजराइल ने अपने सबसे बड़े दुश्मन का ही खात्मा कर दिया है तो वह शायद अब अपना अभियान रोक सकता है लेकिन इजराइल के रुख से लग रहा है कि वह हमास के हर आतंकी को मार कर ही दम लेगा। वैसे याह्या सिनवार के मारे जाने की खबर आते ही इजराइल में जिस तरह का जश्न मना वह देखने लायक था। इजराइल में समुद्री बीचों पर जैसे ही घोषणा हुई कि सिनवार मारा गया है तो लोग नाचने गाने लगे। इजराइली रक्षा बल भी तमाम जगहों पर जश्न मनाते देखे गये। दुनियाभर में मौजूद इजराइलियों ने भी इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर की क्योंकि उन्हें सबसे बड़ी पीड़ा देने वाले की खोपड़ी में इजराइली रक्षा बलों ने छेद कर दिया था।

याह्या सिनवार की मौत के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि अगर हमास बंधकों को वापस कर देता है और अपनी सशस्त्र कार्रवाई बंद कर देता है तो युद्ध तुरंत समाप्त हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में ईरानी शासन का प्रभाव कम हो रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के समूचे नेतृत्व के खात्मे का जिक्र करते हुए हमास से हथियार डालने के लिए कहा है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सिनवार के खात्मे की प्रशंसा करते हुए इसे इज़राइल के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया है और कहा है कि आतंकवादी न्याय से बच नहीं सकते। उन्होंने इस स्थिति की तुलना 2011 में ओसामा बिन लादेन की मौत के बाद अमेरिकी प्रतिक्रिया से भी की। हम आपको बता दें कि आईडीएफ ने कहा है कि सिनवार एक साल से अधिक समय तक नज़र रखने के बाद एक सैन्य अभियान के दौरान मारे गए तीन हमास आतंकवादियों में से एक था। दरअसल इज़राइल में कारावास के दौरान सिनवार के कुछ टेस्ट किये गये थे। उसी की बदौलत



सिनवार के शरीर का डीएनए परीक्षण किया गया और उसकी पहचान की पुष्टि की गई। सिनवार के दांतों के रिकॉर्ड, उंगलियों के निशान और डीएनए परीक्षण से उसकी मौत की पुष्टि होने के बाद सेना ने कहा कि खुफिया सेवाएं महीनों से सिनवार की तलाश कर रही थीं और धीरे-धीरे उस क्षेत्र को प्रतिबंधित कर रही थीं जहां उसके होने की ज्यादा संभावनाएं थीं। आईडीएफ ने यह भी बताया कि सिनवार अपने अंतिम क्षणों में अकेला ही था। बताया जा रहा है कि इजराइली रक्षा बलों ने दक्षिणी गाजा में सिनवार को जब पकड़ा था तब वह इस बात से अंजान थे कि उन्होंने अपने देश के नंबर एक दुश्मन को पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि जिस तरह हाल में कई बड़े आतंकियों को लक्षित हमलों में मारा गया उस तरह सिनवार नहीं मारा गया क्योंकि वह अचानक पकड़ में आया था। बताया जा रहा है कि बुधवार को दक्षिणी गाजा के ताल एल सुल्तान क्षेत्र में उसे इजराइली सैनिकों ने देखा था। इजराइल सैनिक उस क्षेत्र की तलाश कर रहे थे क्योंकि उन्हें लग रहा था कि यहां हमास के आतंकी होंगे। इजराइल सैनिकों ने तीन संदिग्ध आतंकवादियों को इमारतों के बीच घूमते देखा और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे सिनवार एक खंडहरनुमा इमारत में भाग गया। इज़रायली मीडिया में छपी ख़बरों के मुताबिक, इमारत पर टैंक के गोले और एक मिसाइल भी दागी गई। बाद में सेना ने एक मिनी ड्रोन से फुटेज जारी किया जिसमें कहा गया कि गंभीर रूप से घायल सिनवार एक कुर्सी पर बैठा है, उसका चेहरा स्कार्फ से ढका हुआ है। फुटेज में उसे ड्रोन को गिराने के निरर्थक प्रयास में छड़ी फेंकने का प्रयास करते हुए दिखाया गया है। हम आपको बता दें कि इजरायली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने टेलीविज़न ब्रीफिंग में संवाददाताओं से कहा कि उसने भागने की कोशिश की और हमारी सेना ने उसे मार गिराया। हम आपको बता दें कि अपने जीवन के अंतिम महीनों में सिनवार ने टेलीफोन और अन्य संचार उपकरणों का उपयोग करना बंद कर दिया था जिससे इज़राइल की शक्तिशाली खुफिया सेवाएं उसे ट्रैक नहीं कर पाएं।

इजराइली अधिकारियों ने कहा कि उनका मानना है कि वह सुरंगों के विशाल नेटवर्क में से एक में छिपा हुआ था, जिसे हमास ने पिछले दो दशकों में गाजा के नीचे खोदा था। लेकिन चूंकि इजराइली सैनिकों द्वारा अधिक से अधिक सुरंगों का खुलासा किया जा चुका है इसलिए अब सुरंगों में किसी आतंकी के बचने की कोई संभावना नहीं थी। इजराइल को डर था कि जब सिनवार पकड़ा जायेगा तो वह बंधकों की आड़ लेकर बचने का प्रयास करेगा लेकिन जब वह इजराइली रक्षा बलों के हत्थे चढ़ा तब उसके आसपास कोई बंधक नहीं था।

# वोटिंग से पहले पकड़ाया 8 करोड़ का सोना

## बस्तर के रास्ते लाया जा रहा था रायपुर, जेवरात से भर गई थानेदार की मेज

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** आचार संहिता के बीच छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में करोड़ों की ज्वेलरी बरामद हुई है। शहर के टिकरापारा इलाके में यह जेवरात मिले हैं। गहने इतनी ज्यादा तादाद में है कि थानेदार की मेज ही भर गई। पुलिस ने इसकी खबर आयकर विभाग को भी दे दी है।






पुलिस ने अपनी जांच में पाया कि इसका वजन 12 किलो 800 ग्राम है। इसकी बाजार में कीमत 8 करोड़ रुपए है। जानकारी के मुताबिक, ये गोल्ड रायपुर के एक कारोबारी का है। फिलहाल कारोबारी के नाम का खुलासा पुलिस ने नहीं किया है लेकिन उसके कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

**दस्तावेज नहीं मिले:** शुक्रवार की सुबह नया बस स्टैंड में चेकिंग के दौरान पुलिस ने ये सोना पकड़ा। इतनी ज्यादा संख्या में जेवरात के पैकेट्स देख तुरंत इसे थाने लाया गया और इनकम टैक्स को जानकारी दी गई। रायपुर दक्षिण सीट पर उपचुनाव के चलते आचार संहिता लागू है लिहाजा प्रशासन भी इस पूरी कार्रवाई को मॉनिटर कर रहा है।

टिकरापारा थाने में जांच के बीच ये बात सामने आई है कि कारोबारी के कर्मचारी दो-तीन दिन पहले गोल्ड लेकर जगदलपुर गए थे। वहां कुछ माल की डील हो गई, बचा हुआ सोना लेकर वो रायपुर आ रहे थे। इसी बीच चेकिंग में पकड़े गए। हालांकि जांच में पुलिस को गहनों से जुड़े लीगल डॉक्यूमेंट नहीं दिखा पाए।

**पुलिस ने कारोबारी का नाम नहीं बताया:** थाना प्रभारी टिकरापारा मनोज कुमार साहू ने बताया कि भाठागांव बस स्टैंड में यात्रियों की रूटीन चेकिंग चल रही थी। तभी वहां तेलीबांधा बीएसयूपी कॉलोनी का रहने वाला 34 साल का लिंगराज नायक उसका साथी 27 साल का हितेश तांडी और 28 साल शुभम पात्रों पकड़ा गया।

इनके बैग से 8 करोड रुपए के आभुषण मिले। ये तीनों रायपुर के सराफा कारोबारी के कर्मचारी हैं। कारोबारी के नाम का खुलासा थाना प्रभारी ने अपने आधिकारिक बयान में नहीं किया।

**क्या क्या मिला:-**

10 से ज्यादा पैकेट में सोने की अंगूठियां हैं।

गले में पहले जाने वाले 10-15 लाख रु के हार के कई सेट हैं।

सोने के कड़े और चूड़ियों के साथ झुमके के भी पैंकेट्स मिले हैं।

कई तरह के लॉकेट और चेन भी बरामद की गई है।

**इसी इलाके में वोटिंग होनी है:** बरामद हुए सामान को लेकर प्रशासन इस बात की जांच भी करेगा कि इस सोने का कनेक्शन चुनाव से जुड़ा तो नहीं है। टिकरापारा थाना इलाका रायपुर दक्षिण विधानसभा इलाके में आता है। यहीं 13 नवंबर को वोटिंग होनी है।

## चलती ट्रक के सामने कूदा युवक

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में युवक के आत्महत्या करने का लाइव वीडियों सामने आया है। युवक शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे घर से निकला था, जिसके बाद मेन रोड में जाकर बैठा रहा। इस दौरान सामने से ट्रक आते देख कर अचानक वह सामने कूद गया। वीडियो में युवक सुसाइड करने तेजी से ट्रक के सामने भागते दिख रहा है। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की है। दयालबंद स्थित गुरुद्वारे के सामने शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे ट्रक की टक्कर से युवक की मौत हो गई। तब उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। आसपास के लोगों को लगा कि तेज रफ्तार ट्रक उसे टक्कर मारकर भाग गया है। बाद में युवक की पहचान टिकरापारा निवासी अमित राजगीर (28) के रूप में हुई। जिसके बाद उसके परिजन को घटना की जानकारी दी गई। खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## पत्रकार बप्पी राय व साथियों की निशर्त रिहाई और दोषियों के खिलाफ सीबीआई जाँच की मांग को लेकर सुकमा में पत्रकारों का विशाल धरना सहित उग्र धरना प्रदर्शन

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर निप्र।** बस्तर के पत्रकार साथी बप्पी राय, निशु त्रिवेदी, मनीष सिंह और धर्मेंद्र सिंह को को षड्यंत्र पूर्वक फसाने को लेकर आक्रोशित छत्तीसगढ़, तेलंगाना आध्रप्रदेश एवं ओड़िसा के पत्रकारों ने धरना प्रदर्शन कर राज्य के गृहमंत्री के नाम सुकमा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बप्पी राय सहित सभी साथियों की ससम्मान रिहाई और संलिप्त दोषियों के खिलाफ सीबीआई जाँच की माँग की।



बस्तर संभाग के सुकमा जिला मुख्यालय मे संयुक्त बस्तर पत्रकार संघर्ष समिति द्वारा 16 अक्टूबर को विशाल धरना प्रदर्शन किया गया। जिसका पूर्ण समर्थन छत्तीसगढ़ के पत्रकार संघों की संयुक्त समिति संयुक्त पत्रकार महासभा ने किया। साथ ही इस विशाल धरना में छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं उड़िसा के पत्रकार संगठनों ने उपस्थित होकर इस आंदोलन में अपनी सहमति दर्शायी ।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राज गोस्वामी, छग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, पत्रकार महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील यादव, प्रेस एंड मीडिया वेलफेयर एसोसिऐशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज पांडे , पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सेवकदास दीवान, इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पी सी रथ, आदर्श पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीश लालादानी, प्रेस एंड मीडिया वेलफेयर एसोसिऐशन के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल, छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के महासचिव बी डी निजामी, संयुक्त पत्रकार सुरक्षा समिति के संयोजक कमल शुक्ला, सुधीर तंबोली आजाद, बस्तर जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुरेश रावल, सचिव धर्मेन्द्र महापात्र, छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ के बस्तर संभागीय अध्यक्ष संजीव पचौरी, प्रदेश सचिव मनीष शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य उत्तम तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार मनीष गुप्ता, हरजीत सिंह पप्पू, गरियाबंद की सुनिता सिंह, सुकमा से लीलाधर राठी एवं शेख मकबूल, दिनेश नामदेव, दिनेश सोनी सहित मलकानगिरी (उड़ीसा) प्रेस क्लब अध्यक्ष शिव प्रसाद दास, ओ पी कृष्ण पटनायक,चित्तुर से जानी बाबू के साथ तेलंगाना एवं आंध्रा पत्रकार संघ के पदाधिकारी ने सभा को संबोधित किया। साथ ही पत्रकारों के समर्थन में शामिल हुए विधायक कवासी लकमा, सीपीएम के नेता मनीष कुंजाम ,जिला पंचायत अध्यक्ष श्री लकमा ने पत्रकारों को तत्काल रिहाई देने और दोषियों को दंडित करने की मांग दोहराई।

सभी पत्रकारों ने सभा में अपनी-अपनी मांग रखते हुए पत्रकार सुरक्षा के संबंध में विस्तृत चर्चा की और सुकमा जिले के चार पत्रकारों को गांजा प्रकरण में थाना प्रभारी के द्वारा षडयंत्र पूर्वक वाहन में गांजा रखकर जप्त कर कार्यवाही करने की झूठी रिपोर्ट दर्ज करने पर संलिप्त लोगों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की तथा पुलिस द्वारा लगाये गये बेबुनियाद आरोप को खारिज करने पर जोर दिया।

पत्रकारों ने सुकमा के बस स्टेण्ड के समीप धरना सभा के उपरांत रैली निकालकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन को गृहमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा ।

## युवक ने घर में घुसकर नाबालिग गर्लफ्रेंड को मार डाला

### बॉयफ्रेंड ने मारा चाकू, बोला-मेरी नहीं तो किसी की नहीं होने दूंगा

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक युवक ने शुक्रवार को नाबालिग प्रेमिका की चाकू मारकर हत्या कर दी। लड़की ने आरोपी से बात करना बंद कर दिया था। इसके चलते वह काफी गुस्से में था और लड़की के घर में घुसकर उसे मार दिया। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी इतना गुस्से में था कि उसने चाकू से एक के बाद एक कई वार लड़की के पेट में किए। जिससे लड़की ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वारदात के दौरान लड़की से आरोपी बोला कि- अगर मेरी नहीं हुई तो तुझे किसी का भी नहीं होने दूंगा।



**दो साल से दोनों में चल रहा था प्रेम प्रसंग:** थाना प्रभारी तोप सिंह नवरंग ने बताया कि चांटीडीह कुंदरूपारा में रहने वाला सागर साहू (18) मेडिकल स्टोर में काम करता है। करीब 2 साल पहले उसकी दोस्ती 17 साल की लड़की से हुई थी। तभी से दोनों प्रेम प्रसंग चल रहा था। पिछले कुछ समय से लड़की ने उससे मिलना और बातचीत करना बंद कर दिया था। बताया जा रहा है कि लड़की के माता-पिता रोजी-मजदूरी करते हैं। रोज की तरह शुक्रवार सुबह वे काम पर चले गए थे। इसी बीच सुबह करीब 9 बजे सागर साहू लड़की को मनाने के लिए उसे घर पहुंच गया। दोनों बैठकर बात कर रहे थे। इसी दौरान उनमें विवाद शुरू हो गया।

**आरोपी प्रेमी बोला- मेरी नहीं तो किसी और की होने नहीं दूंगा:** आरोप है कि दोनों के बीच विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि सागर ने चाकू निकाल लिया और लड़की के पेट में मार दिया। खून से लथपथ लड़की वहीं जमीन पर गिर पड़ी और उसने दम तोड़ दिया। चीख सुनकर तब तक लोग एकत्र हो तो सागर घर से भागता हुआ दिखाई दिया। लोग अंदर पहुंचे तो लड़की का शव पड़ा था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थोड़ी देर में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में सागर साहू ने बताया कि लड़की किसी और को चाहने लगी थी। उसने समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मानी। मैंने उसे चाकू मारते हुए कह दिया कि मेरी नहीं हो सकती तो किसी की होने नहीं दूंगा।

## सामुदायिक सहभागिता से सुनिश्चित होगी सामुदायिक स्वच्छता

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** छत्तीसगढ़ राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के राज्य सलाहकार पुरुषोत्तम पांडा ने जनपद पंचायत मनेंद्रगढ़ में आयोजित कार्यशाला में उपस्थित सचिव एवं स्वच्छाग्रहियों को प्रशिक्षण के दौरान ओडीएफ प्लस मॉडल गांव की अवधारणा एवं उसके महत्व की बदलते हुए सामुदायिक सहभागिता से सामुदायिक स्वच्छता सुनिश्चित की जा सकेगी। यदि हमें गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल गांव में तब्दील करना है तो शत-प्रतिशत लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। जिससे हमारा घर ही नहीं गांव के चौक-चौराहे धार्मिक, पर्यटन स्थल देखने में एकदम स्वच्छ प्रदर्शित हो सके। चैनपुर स्थित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट को नगरीय निकायों के समन्वय से सुचारू क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए, ताकि ओडीएफ प्लस मॉडल के घटकों में सकारात्मक परिणाम आ सके और सैप्टिक टैंकों से निकलने वाले फिकल का सुव्यवस्थित तरीके से प्रबंधन हो सके।



स्वच्छग्राही महिलाओं के डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य की श्री पांडा ने ग्राम पंचायत में चल रहे डोर टू डोर अवशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण में संलग्न स्वच्छ ग्राहियों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की।

# स्कूलों में ही बनेगा छात्रों का आयुष्मान कार्ड

## 25 अक्टूबर तक लगेगा शिविर, सरकंडा के 2 स्कूलों में 400 बच्चों ने बनवाया कार्ड

**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर एजेंसी।** बिलासपुर में स्कूली बच्चों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आयुष्मान कार्ड उनके ही स्कूल में बनेगा। इसके लिए स्कूल परिसर में 25 अक्टूबर तक शिविर लगाया जाएगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने जिले में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा है, जिस पर तेजी से अमल किया जा रहा है।

शहरी क्षेत्रों में छूटे हुए सभी पात्र सदस्यों को आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने शिविर का आयोजन 3 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक किया गया। कलेक्टर अवनीश शरण ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को पूरी मुस्तैदी और सजगता से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविरों का सिलसिला लगातार जारी है।





**आज से स्कूलों में शिविर की शुरुआत:** स्कूली बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए गुरुवार को शिविर की शुरुआत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या शाला सरकण्डा और सेजेस बालक स्कूल सरकण्डा से हुई । आज इन स्कूलों मे लगभग 400 बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्कूली बच्चों ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है।

कन्या शाला की नवमीं कक्षा की छात्रा प्रगति साहू, अंशिका साहू, काजल यादव, हंसिका देशमुख ने जिला प्रशासन द्वारा की गई इस व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी। शासन द्वारा उपचार के लिए शुरू की गई यह व्यवस्था लोगों को राहत देने वाली और इसके लिए वह मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आभारी हैं।

**शुक्रवार को इन स्कूलों में लगा शिविर:** आयुष्मान कार्ड बनाने स्वास्थ्य विभाग की टीम 18 अक्टूबर को शासकीय उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय चांटीडीह और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिंगराजपारा पहुंचेगी। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां आयुष्मान कार्ड बनाया गया।

इसी प्रकार 21 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट बहुउद्देशीय विद्यालय चिंगराजपारा और शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय, 22 अक्टूबर को शासकीय उच्च्तर माध्यमिक विद्यालय राजेन्द्र नगर और शासकीय हाईस्कूल सिंधी कॉलोनी, 23 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तारबहार और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकर नगर में आयोजन किया जाएगा।

इसके साथ ही 24 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजौर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहतराई एवं 25 अक्टूबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय लिंगियाडीह में स्कूली बच्चों का आयुष्मान कार्ड बनाने शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## पढ़ने आई छात्रा से दुष्कर्म

### शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, 3 बार गर्भपात कराया, मारपीट से तंग आकर पीड़िता ने लिखाई रिपोर्ट




**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में पढ़ने आई युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। छात्रा के साथ युवक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए। छात्रा गर्भवती हो गई। आरोपी युवक ने छात्रा का 3 बार गर्भपात कराया। इसके बाद वह शराब के नशे में छात्रा से गाली-गलौज और मारपीट करता था।

इससे तंग आकर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक जांजगीर-चांपा जिले में रहने वाली 24 वर्षीय युवती साल 2021 में रायगढ़ पढ़ने के लिए आई थी। वह किराए का मकान लेकर रह रही थी। तभी समअजीत महंत से उसकी जान पहचान हुई। युवक ने साल 2022 जनवरी में शादी का वादा करके उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब वह किराए के मकान में मिलने आता तो नशे में धुत होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करता था। ऐसे में युवती तंग आकर अपने किराए के मकान को बदल दी, लेकिन वह भी वहा पहुंच गया।

**गाली-गलौज करके की मारपीट:** गुरुवार की शाम को युवती पार्क के पास टहल रही थी, तो समअजीत वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। इससे परेशान होकर पीड़िता ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले में पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**तीन बार कराया गर्भपात:** पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि जब भी वह शादी के लिए कहती समअजीत टालमटोल कर देता। इस दौरान पीड़िता तीन बार गर्भवती हुई, लेकिन आरोपी ने शादी के बाद बच्चा करने की बात कहकर तीनों बार गर्भपात करा दिया। इसके बाद वह शादी से इनकार करने लगा।

### तंत्र साधना के दौरान सगे भाइयों की मौत

## मां-बेटियों सहित 4 बेहोश, 7 दिनों से घर में बंद होकर कर रहे थे पूजा-पाठ



**मीडिया ऑडीटर, सक्ती एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के सक्ती में बंद कमरे में तंत्र साधना के दौरान 2 सगे भाइयों की मौत हो गई। जबकि परिवार के 4 लोग पागलों की तरह चिल्लाते हुए बेहोश हो गए। ये लोग 7 दिन से उपवास रखकर साधना कर रहे थे। मामला बारद्वारा थाना क्षेत्र का है।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला, उसकी 2 बेटियों और एक बेटे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि चारों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। पुलिस जब पहुंची तो परिवार के सभी लोग साधना कर रहे थे। जबकि दोनों भाई जमीन पर पड़े थे। अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनके शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

**बाबा की फोटो रखकर कर रहे थे साधना:** पुलिस ने बताया कि, ग्राम तांदुलडीह निवासी फिरित बाई के पति की मौत हो चुकी है। वह अपने 3 बेटे और 2 बेटियां के साथ घर के एक कमरे में तांत्रिक साधना कर रही थी। सामने उज्जैन के किसी बाबा की फोटो रखी थी। यह सब कुछ 7 दिनों से चल रहा था। इतने दिनों तक घर से किसी के बाहर नहीं निकलने और चिल्लाने की आवाजें सुनकर पड़ोसियों ने रिश्तेदार को सूचना दी। इस पर फिरित बाई का भतीजा पहुंचा और उसने पड़ोसियों के साथ मिलकर दरवाजा खुलवाया। फिरित बाई ने दरवाजा खोलते हुए कहा कि घर में पूजा-पाठ चल रही है।

**महिला बोली- दोनों बेटे सत्संग सुनने गए हैं:** इसके बाद ग्रामीणों ने कमरे में झांककर देखा तो पता चला कि फिरित बाई का बेटा विकास गोड़ (25) और विक्की गोड़ (22) जमीन पर पड़े हुए हैं। बाकी लोग भी चिल्ला रहे हैं। इस पर ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस पहुंची तो महिला बोली की सत्संग सुनने के लिए बैठ जाओ। महिला अपनी दोनों बेटियों को सामने बिठाए हुए थी। बोल रही थी कि नागलोक से भी लोग आए हैं। यहां सब लोग बैठ जाओ। इस दौरान महिला जय गुरुदेव के नारे लगवाती है। वहीं जमीन पर पड़े अपने दोनों बेटों के लिए कहती है कि वो सत्संग सुनने के लिए गए हैं।

**एफएसएल और जिला पुलिस की टीम जांच में जुटी:** पुलिस और ग्रामीणों ने पूरी घटना का वीडियो बनाया। इस दौरान चिल्लाते हुए सभी लोग बेहोश होकर गिर पड़े। इसके बाद सभी को अस्पताल लेकर पहुंची।

डॉक्टरों का कहना है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। डीएसपी मनीष कुंवर ने बताया कि डीएसपी और जिला पुलिस की टीम जांच कर रही है।

## प्रगतिशील डेयरी किसान अमरचंद जैन हाइटेक डेयरी फार्म से युवाओं के लिए मिसाल

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी निप्र।** जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड के ग्राम बेलबहरा में प्रगतिशील डेयरी किसान अमरचंद जैन की डेयरी किसान डेयरी फार्मिंग के बिजनेस में आने वाले युवाओं के लिए मिसाल है। आज करीब 40 से 50 गायों से अधिक का डेयरी फार्म चला रहे है। श्री जैन ने बताया कि 2019 में व्यावसायिक रूप से पशुपालन और दुग्ध उत्पादन का कार्य शुरू किया था।

उनके हाईटेक डेयरी फार्म में एचएफ गिर गाय व जर्सी गाय के नस्ल मौजूद है। उन्होंने दूध के उत्पादन के सवाल पर बताया कि वह प्रतिदिन एक गाय से 10 से 15 लीटर दूध प्राप्त कर लेते है। जिसे वह मार्केट में 60 रुपये प्रति लीटर के दाम से बेचते है।


## इश्तहार

### फरार आरोपी की तलाश

**थाना जीआरपी रायपुर ( छ.ग. )**

**मो. नं.- 9479191502, 9479190466**

थाना जीआरपी रायपुर के अप.क्र. 169/2023 धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट एंव क्रिमिनल एम. पी. नम्बर 2287/2024 सर्जेश सिंह विरूद्ध छ.ग. शासन के फरार आरोपीगण 1. सर्जेश सिंह पिता शिव बहादुर सिंह उम्र 20 पता ग्राम मदरौ पोस्ट परसिया थाना जवा जिला रीवा म.प्र., 2. प्रशांत दुबे पिता विजय कुमार दुबे उम्र 19 वर्ष पता ग्राम कढहाई थाना अंतरैला जिला रीवा म.प्र. के संबंध में जो व्यक्ति सूचना देगा/गिरफ्तार करवाएगा उसे पुलिस अधीक्षक रेल रायपुर द्वारा 5,000/- (पांच हजार रूपये) नगद राशि से पुरुस्कृत किया जावेगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा।

**थाना प्रभारी**
**रेल पुलिस रायपुर**

# स्पिनर नोमान और साजिद ने लिए सभी 20 विकेट, 52 साल बाद हुआ टेस्ट क्रिकेट में कुछ ऐसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नोमान अली और साजिद खान ने स्पिनरों की मददगार पिच पर सभी 20 विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को शुक्रवार को यहां 152 रन से हराकर घरेलू धरती पर लंबे समय से जीत हासिल करने के इंतजार को खत्म किया। बाएं हाथ के स्पिनर नोमान ने दूसरी पारी में 46 रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से मैच में 11 विकेट हासिल किये। उनकी शानदार गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में मैच के चौथे दिन पहले सत्र में ही 144 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 111 रन देकर सात विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर साजिद ने दूसरी पारी में 93 रन दे कर दो विकेट लिए। इन दोनों स्पिनर की कमाल की गेंदबाजी से 297 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी इंग्लैंड की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। शान मसूद की कप्तान के रूप में यह पहली जीत है। पिछले साल टेस्ट टीम का कप्तान बनने के बाद उन्हें लगातार छह मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से पाकिस्तान का घरेलू धरती पर पिछले 11 मैच से जीत नहीं दर्ज कर पाने का सिलसिला भी टूट गया। इनमें से चार मैच में इंग्लैंड ने उसे हराया था। इंग्लैंड की टीम ने सुबह दो विकेट पर 36 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसके बल्लेबाज टर्न लेती पिच पर असहाय नजर आए।

# कामरान गुलाम नहीं इंग्लैंड को मात देने के बाद ये खिलाड़ी बनाम प्लेयर ऑफ द मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लंबे समय बाद आखिरकार पाकिस्तान को टेस्ट में जीत नसीब हुई है। मुल्तान में खेले गए पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को 152 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। पाकिस्तान के लिए टीम में बदलाव करना सही साबित हुआ और इस मैच में पाकिस्तान की टीम ने शानदार खेल दिखाया। इस मैच में पाकिस्तान की तरफ से बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह जैसे खिलाड़ी नहीं खेले थे, लेकिन फिर भी पाकिस्तान ने ये मुकाबला जीत लिया। पाकिस्तान की टीम ने अपनी धरती पर किसी टेस्ट मैच में 1348 दिन के बाद जीत देखी है। इस मैच में पाकिस्तान की जीत में सिर्फ तीन खिलाड़ी सबसे बड़े हीरो रहे। हालांकि, पूरी टीम का इसमें सहयोग रहा, लेकिन बाबर आजम



की जगह टीम में शामिल किए गए कामरान गुलाम, साजिद खान और नोमान अली जीत के असली हीरो साबित हुए। पाकिस्तान की जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच कामरान गुलाम को नहीं दिया गया जिन्होंने शतकीय पारी खेली थी बल्कि सादिज खान को इस अवॉर्ड से नवाजा गया। इस मैच में पाकिस्तान के लिए पहली पारी में चौथे नंबर पर खेलते हुए कामरान गुलाम ने अहम शतकीय पारी खेली थी और टीम के लिए 118 रन की पारी खेलते हुए पाकिस्तान के स्कोर को 366 रन तक पहुंचाया था।

वहीं पहली पारी में पाकिसस्तान की तरफ से साजिद खान ने 7 विकेट तो नोमान ने 3 विकेट अपने नाम किए थे। इनकी बेहतरीन गेदंबाजी के दम पर इंग्लिश टीम 291 रन पर ऑलआउट हो गई।

# लंबे समय बाद पाकिस्तान को नसीब हुई जीत, इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में दी मात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आखिरकार जीत मिल ही गई। मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम पर पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला गया, जिसे पाकिस्तान ने 152 रनों से जीत लिया। इसके साथ ही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में दोनों टीमें 1-1 से बराबर हो गई है। इंग्लैंड की टीम को 297 रनों का टारगेट मिला था, जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम दूसरी पारी में महज 144 रनों पर ही सिमट गई। पस्तिान की ओर से नोमान अली ने दूसरी पारी में आठ विकेट अपने नाम किए। जबकि साजिद खान ने दो विकेट लिए। पाकिस्तान क्रिकेट टीम लंबे समय से टेस्ट क्रिकेट में लगातार होम ग्राउंड पर हार झेल रही थी। कुछ समय पहले ही बांग्लादेश ने पाकिस्तान को उसकी ही जमीन पर टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीस्वीप किया था। पिछले 12 होम टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की ये पहली जीत है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स 36 गेंद पर 44 रन बनाकर आउट हुए और उनके विकेट के साथ ही इंग्लैंड की बची हुई उम्मीदें भी खत्म हो गई। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने दूसरी पारी में महज दो ही गेंदबाजों का इस्तेमाल किया है। साजिद खान और नोमान अली की स्पिन के सामने इंग्लिश बल्लेबाज पस्त नजर आए। इस पूरे मैच में पाकिस्तान की ओर से दोनों पारियों को मिलाकर किसी भी तेज गेंदबाज ने विकेट लिया ही नहीं।

# टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली ने पूरे किए 9000 रन, दिग्गजों की इस लिस्ट में हुए शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके साथ ही कोहली ने अपने टेस्ट करियर में 9 हजार रन पूरे कर लिए हैं। इस मैच से पहले उन्हें इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए 53 रनों की जरूरत थी। लेकिन पहली पारी में वह ऐसा नहीं कर पाए। लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने विरोधी गेंदबाजों को परेशान करके 70 गेंदों में फिफ्टी पूरी की।



विराट कोहली टेस्ट में 9000 रन बनाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। भारत के लिए सचिन, द्रविड़ और सुनील गावस्कर ये कारनामा कर चुके हैं। वह टेस्ट में 9 हजार या उससे ज्यादा रन बनाने वाले 18वें बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले कोहली ने 2023 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। भारत के सलामी बल्लेबाज कोहली ने अब तक अपने टेस्ट करियर में 116 मैच खेले हैं जिसमें 9000 से ज्यादा रन बनाए हैं। जिसमें 29 शतक और सात दोहरा शतक भी शामिल है। उन्होंने 31 अर्धशतक भी लगाए हैं उनका बेस्ट स्कोर 254 है।

# रोहित शर्मा बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले 8वें बल्लेबाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु टेस्ट मैच में भारतीय टेस्ट कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी फिफ्टी पूरी की और आउट हो गए। पहली पारी में 2 रन बनाने वाले रोहित दूसरी पारी में लय में दिखे। उन्होंने टीम के लिए अच्छी पारी भी खेली। वो बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन खराब तरीके से एजाज पटेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। रोहित शर्मा ने दूसरी पारी में बेहरीन बल्लेबाजी की और उन्होंने 63 गेंदों पर 52 रन जड़ दिए और इस दौरान एक छक्का और 8 चौके लगाए। अपनी इस पारी के दम पर रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 8वें नंबर पर आ गए हैं। इस मामले में उन्होंने विराट कोहली के साथ सौरव गांगुली और राहुल द्रविड़ को पछाड़ दिया है। रोहित ने बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में 52 रन बनाए और वो अब इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 8वें नंबर पर आ गए। उन्होंने तमीम इकबाल को पीछे छोड़ दिया जो पहले इस नंबर पर थे और अब वो नौवें स्थान पर चले गए। रोहित ने बतौर ओपनर इंटरनेशनल क्रिकेट में 360 पारियों में 15214 रन बनाए हैं जबकि तमीम इकबला ने 451 पारियों में 15210 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में रोहित शर्मा और विराट कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 23 रन की साझेदारी हुई और फिर रोहित आउट हो गए। लेकिन इन दोनों ने इस साझेदारी के दम पर राहुल द्रविड़ और सौरव गांगुली को पछाड़ दिया है। ये दोनों खिलाड़ी भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रनों की साझेदारी करने वाले तीसरे पेयर बन गए हैं।

# रिकी पोंटिंग जैसे दिग्गजों के एलीट क्लब में हुए शामिल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बेंगलुरु में न्यूजीलैंड के युवा बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने भारत के खिलाफ इतिहास रच दिया है। दरअसल, उन्होंने पहले टेस्ट में शतक जमाया है। हालांकि, बेंगलुरु का मैदान रचिन के लिए घरेलू मैदान ही है, और यहां का चिन्नास्वामी स्टेडियम उनके लिए फिर से लकी साबित हुआ है। कीवी बल्लेबाज रचिन शतकीय पारी खेलकर दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गए हैं। बता दें कि, रचिन रविंद्र मे माता-पिता भारत के ही रहने वाले हैं। वह न्यूजीलैंड शिफ्ट होने से पहले बेंगलुरु में ही रहते थे। रचिन के दादा-दादी आज भी बेंगलुरु में ही रहते हैं और ये खिलाड़ी भारत के दौरा पर उनसे मिलने भी पहुंचा था। जिस कारण बेंगलुरु उनका घरेलू मैदान की तरह ही है। ये दूसरा मौका है जब उन्होंने इस मैदान पर दूसरी बार शतक लगाया है। इसके अलावा रचिन केवल पांचवें ऐसे विदेशी खिलाड़ी हैं जिन्होंने बेंगलुरु के मैदान पर दो शतक जमाए हैं। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क, एडम गिलक्रिस्ट, रिकी पोंटिंग और न्यूजीलैंड के रॉस टेलर ही ये कारनामा कर पाए हैं। 24 साल का ये बल्लेबाज इन दिग्गजों के क्लब में शामिल हो गया है।

# कैमरन ग्रीन की अनुपस्थिति ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के समीकरण बदल देगी-स्टार्क

**सिडनी (एजेंसी)।** स्टार तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की अनुपस्थिति से भारत के खिलाफ होने वाले पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के समीकरण बदल जाएंगे और इससे स्पिनर नाथन लियोन का कार्यभार बढ़ सकता है। ग्रीन अपनी पीठ संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सर्जरी कराएंगे जिसके कारण वह कम से कम छह महीने तक खेल से दूर रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के पास मिशेल मार्श के रूप में एक और ऑलराउंडर है लेकिन स्टार्क का मानना है कि ग्रीन की अनुपस्थिति से ऑस्ट्रेलिया का संयोजन प्रभावित होगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार स्टार्क ने कहा,''जब आपको कैमरन ग्रीन जैसे अदद ऑलराउंडर की सेवाएं नहीं मिलती हैं या जब बेन स्टोक्स इंग्लैंड की टीम में नहीं होते हैं तो इससे समीकरण बदल जाते हैं।'' उन्होंने कहा,''जब आपके पास वह अदद ऑलराउंडर होता है जो कुछ समय से टीम का हिस्सा रहा हो। उसके बाहर होने से आप गेंदबाजी में नए विकल्पों की तलाश में जुट जाते हैं।'' स्टार्क ने कहा,''मैं नहीं जानता कि हमारा गेंदबाजी संयोजन कैसा होगा। मिच (मार्श) की गेंदबाजी को लेकर भी काफी चर्चा हो रही है।'' इस तेज गेंदबाज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया इससे पहले भी इस तरह की परिस्थितियों से गुजर चुका है। उन्होंने कहा,''यह हमारे लिए नया मुद्दा नहीं है। हमने अतीत में भी ऐसी श्रृंखलाएं खेली हैं जब हमारे पास कोई ऑलराउंडर नहीं था। हमें अपना कार्यभार बढ़ाना पड़ सकता है और गाज़ (नाथन लियोन) को शायद कुछ अतिरिक्त गेंदबाजी भी करनी होगी।



# हरमनप्रीत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय कप्तान बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हरमनप्रीत कौर को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बृहस्पतिवार को सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम क्रिकेट टीम का कप्तान बरकरार रखा गया जबकि चयनकर्ताओं ने 24 अक्टूबर से शुरू हो रही श्रृंखला के लिए चार 'अनकैप्ड' (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को भी चुना है। टी20 विश्व कप से भारत के जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान के रूप में हरमनप्रीत के भविष्य पर सवाल उठने लगे थे। हालांकि चयनकर्ताओं ने फिलहाल उनके साथ बने रहने का फैसला किया है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारियों की शुरुआत भी करेंगे जिसकी मेजबानी भारत अगले साल करेगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि 21 वर्षीय



विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष इस श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगी क्योंकि इसकी तारीखें उनकी 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के साथ टकरा रही हैं। चोट के कारण आशा शोभना के नाम पर विचार नहीं किया गया जबकि ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकार को आराम दिया गया है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में भारत ए टीम का हिस्सा रही अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

जिसमें तेजल हसबनीस, सयाली सतगरे और प्रिया मिश्रा शामिल हैं। डब्ल्यूपीएल खेल चुकी तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर टीम की एक और ऐसी सदस्य हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय पदार्पण का इंतजार है। टी20 विश्व कप में खराब फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है। चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी बल्लेबाज उमा छेत्री भी टीम का हिस्सा हैं और वह इस श्रृंखला में एकदिवसीय पदार्पण कर सकती हैं। तीनों मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# इतिहास रचेगी साउथ अफ्रीका की टीम, 20 अक्टूबर को खेलेगी फाइनल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 का फाइनल ऐतिहासिक फाइनल होने वाला है। पहले सेमीफाइनल के बाद ये स्थिति तो साफ हो गई है कि इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीम पहली बार फाइनल में नजर नहीं आएंगी। साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को 6 बार वर्ल्ड चैंपियन को बाहर का रास्ता दिखाया है। अब सवाल ये है कि 25 वर्षीय लारा टीम के वर्ल्ड कप जीतने का सपना पूरा कर पाएंगी? साउथ अफ्रीका की टीम आज कभी कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीता है। टीम सेमीफाइल और फाइनल तक पुहंची लेकिन ट्रॉफी नहीं उठा पाई। एबी डिविलियर्स, मॉर्ने मॉर्केल, हाशिम अमा, जैक कलिस जैसे कई दिग्गजों ने क्रिकेट की दुनिया में नाम तो कमाया लेकिन वह ट्रॉफी नहीं जीत पाए। लारा की कप्तानी में महिला टीम फाइनल में पहुंच




गई हैं और अब उनके पास मौका है कि वह इस सपने को पूरा करें। लारा ने कई मौकों पर ये कहा कि विराट कोहली उनके पसंदीदा क्रिकेटर हैं। वह उनकी बल्लेबाजी से लेकर उनकी कप्तानी को बहुत पसंद करती है। विराट कोहली और एबी डिविलियर्स की दोस्ती के बारे में सभी जानते हैं। दोनों काफी करीब हैं। अब लारा के पास मौका है कि वह डिविलियर्स का सपना पूरा करें। उनकी कप्तान में टीम खिताब जीत सकती है। उनका सामना वेस्टइंडीज या न्यूजीलैंड के बीच में से किसी भी एक टीम से होगा।

# रीजनल इण्डस्ट्रीज कान्क्लेव के संबंध में उद्यमियों एवं पत्रकारों की कार्यशाला





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** म.प्र. में औद्योगिक निवेश को बढावा देने तथा आद्योगिकरण के विस्तार के लिए सभी संभाग स्तर पर ''रीजनल इण्डस्ट्रीज कान्क्लेव'' के आयोजन किये जा रहे हैं। इसी कडी में रीवा संभाग में रीजलन इण्डस्ट्रीज कान्क्लेव का आयोजन 23 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम रीवा में किया जायेगा। सतना जिले के उद्यमियों एवं निवेशकों की इस आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने एवं जिला स्तर पर एमएसएमई इकाईयों की अपेक्षाओं एवं समस्याओं पर चर्चा के लिए कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में जिले के उद्योग एवं व्यापार जगत के उद्यमियों एवं पत्रकारों की कार्यशाला आयोजन होटल भरहुत में किया गया। इस मौके पर विंध्य चेम्बर ऑफकामर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, सतना जिले के उद्योग संघ अध्यक्ष मनविंदर ओवराय, एकेएस विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति हर्षवर्धन श्रीवास्तव, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के कार्यपालक निदेशक यूके तिवारी, महाप्रबंधक आरके सिंह, महाप्रबंधक उद्योग केन्द्र आरएल पाण्डेय, सहित सतना जिले के उद्योग संघ के प्रतिनिधि गण एवं व्यापारी गण तथा पत्रकार गण उपस्थित थे।

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने कहा कि प्रदेश और जिले में औद्योगिक निवेश के लिए बेहतर माहौल है और यहां कृषि आधारित उद्योगों के लिए औद्योगिक नीति सभी प्रांतों से बेहतर है। उन्होंने कहा कि म.प्र. में भूमि, पानी और बिजली की भरपूर उपलब्धता के साथ उद्योग लगाने की सभी अनुकूल स्थितियां म.प्र. में मौजूद है। उन्होंने बताया कि सतना जिले में उचेहरा में बाबूपुर औद्योगिक क्षेत्र, मटेहना औद्योगिक क्षेत्र के अलावा बगहा, हिरौंदी सहित अनेक स्थानों पर भूमि की प्रचुर उपलब्धता के साथ और भी औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये जा रहे हैं। म.प्र. में एमपी आईडीसी में सिंगल विन्डो सिस्टम के माध्यम से उद्योग लगाने वालो को सभी प्रक्रियायें आसानी से उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में प्लाट लेने के लिए आनलाइन आवेदन कर बुक किये जा सकते हैं और औद्योगिक निवेशकों तथा उद्योग लगाने वालो की सुविधा के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में सिंगल विन्डो काउंटर भी खोला गया है। उन्होंने अपने संभाग में होने जा रही रीजनल इन्डस्ट्रीयल कान्क्लेव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता निभाकर जिले में औद्योगिक निवेश करने की अपील की। एमपीआईडीसी के ईडी तिवारी और महाप्रबंधक उद्योग आरएल पाण्डेय ने उद्यमियों को सतना जिले के औद्योगिक क्षेत्र बाबूपुर तथा नादन अमरपाटन के अलावा सतना जिले के आसपास अविकसित भूमि उपलब्ध होने की जानकारी दी। इस मौके पर बताया गया कि सतना जिले में उचेहरा विकासखण्ड के औद्योगिक क्षेत्र बाबूपुर में 62.65 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रथम चरण के अंतर्गत 26 हेक्टेयर में प्लाट विकसित किये गये हैं। इनमें 117 प्लाट 83 रूपये प्रति वर्ग फीट की दर से उद्यमियों के लिए उपलब्ध है। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्र नादन टोला अमरपाटन, मैहर जिले में 92 हेक्टेयर में विकसित किया जा रहा है। यहां 582 प्लाट 45 रूपये प्रति वर्ग फीट की दर से उपलब्ध है। इसके अलावा अविकसित औद्योगिक क्षेत्र नयागांव में 67 हेक्टेयर, बगहा में 40 हेक्टेयर, हिरौंदी में 94 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। महाप्रबंधक उद्योग ने उद्यमियों को एसएमएसई प्रोत्साहन योजना के बारे में मशीन और प्लांट की लागत पर मिलने वाले कैपिटल सब्सिडी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्राइवेट इंडस्ट्रीयल एरिया विकसित करने पर भी 5 करोड रूपये तक का अनुदान दिया जाता है। इसके अलावा म.प्र. सरकार की उद्यमियों के हित में अनेक योजनायें संचालित की जा रही है। इस मौके पर स्टार्टअप के नव उद्यमियों द्वारा बम्बू, जम्बू-दीप और रिसाईकल पर अपने-अपने प्रोजेक्ट मॉडल भी प्रस्तुत किये।

## एसपी ने बदले 6 थानों के प्रभारी

### शंखधर को सभापुर और रावेंद्र को सिटी कोतवाली का जिम्मा, श्वेता मौर्य को कोठी थाना का प्रभार




**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना पुलिस में व्यापक फेरबदल करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कई थाना प्रभारियों की पदस्थापना में फेरबदल किया है। सिटी कोतवाली और महिला थाना समेत जिले के 6 थानों के प्रभारी बदले गए हैं। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, कार्यवाहकों समेत 15 पुलिस अधिकारियों के तबादले किए हैं। गुरुवार को देर रात जारी हुई सूची के मुताबिक इंस्पेक्टर शंखधर द्विवेदी को सिटी कोतवाली से सभापुर थाना भेज दिया गया है, जबकि सभापुर थाना प्रभारी रहे इंस्पेक्टर रावेंद्र द्विवेदी को सिटी कोतवाली का जिम्मा सौंपा गया है। महिला थाना से कार्यवाहक निरीक्षक प्रीति विश्वकर्मा को हटाकर पुलिस लाइन बुला लिया गया जबकि प्रियंका पाठक को महिला थाना प्रभारी के साथ महिला सुरक्षा शाखा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

**कार्यवाहक निरीक्षक पंकज शुक्ला को पुलिस लाइन भेजा:** चित्रकूट थाना प्रभारी रहे कार्यवाहक निरीक्षक पंकज शुक्ला को भी पुलिस लाइन भेज दिया है और उनके स्थान पर पन्ना से तबादले पर आने के बाद पुलिस लाइन में रहे कार्यवाहक निरीक्षक डीआर शर्मा को चित्रकूट भेज दिया गया है। पिछले काफी समय से सिंहपुर थाना में रहे सब इंस्पेक्टर शैलेन्द्र पटेल को धारकुंडी थाना का प्रभारी बनाया गया है। धारकुंडी थाना प्रभारी रहे सब इंस्पेक्टर अभिषेक पांडेय सिटी कोतवाली भेजे गए हैं।

**श्वेता मौर्य को कोठी थाना का प्रभार:** पुलिस लाइन में रहीं कार्यवाहक निरीक्षक श्वेता मौर्य को कोठी थाना का प्रभार सौंपा गया है। रामपुर थाना की छिबौरा चौकी के प्रभारी रहे सब इंस्पेक्टर अजय अहिरवार सिंहपुर और कार्यवाहक सब इंस्पेक्टर इन्द्रबली सिंह पुलिस लाइन से छिबौरा चौकी भेजे गए हैं। कार्यवाहक उप निरीक्षक रामौतार पटेल को सिटी कोतवाली से परसमनिया चौकी प्रभारी बनाया गया है जबकि परसमनिया चौकी प्रभारी रहे डीएस बघेल चौकी प्रभारी बाबूपुर पदस्थ किए गए हैं।

**इतने व्यापक फेरबदल पहली बार:** कार्यवाहक उप निरीक्षक अजय सिंह परिहार को पुलिस लाइन से थाना जैतवारा में पदस्थ किया गया है। पुलिस लाइन में रहे कार्यवाहक निरीक्षक मो समीर अब पुलिस कंट्रोल रूम के प्रभारी होंगे। गौरतलब है कि अपने कार्यकाल के दौरान एसपी आशुतोष गुप्ता ने जिले के थानों में एक साथ इतने व्यापक फेरबदल पहली बार किए हैं।

## डबल लॉक केन्द्रों एवं थोक विक्रेताओं को सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रबी वर्ष 2024-25 के लिए किसानों को सुगमता से उर्वरक एवं अन्य कृषि आदान उपलब्ध कराने हेतु सतना जिले में रासायनिक उर्वरक का वितरण जिले के रेल्वे रैंक प्वाइंट के माध्यम से सम्पूर्ण जिले के डबल लॉक केन्द्रों एवं थोक विक्रेताओं के यहां पर किया जा रहा है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में लगने वाली रासायनिक उर्वरकों की रैंकों का अनुपातिक मात्रा में वितरण डबल लॉक केन्द्रों एवं थोक विक्रेताओं को सुचारू रूप से करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुभाग रघुराजनगर सिटी राहुल सिलाडिया को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी जिले में लगने वाली प्रत्येक रैंक की जानकारी रखेंगे एवं कृषि/राजस्व विभाग के कर्मचारियों की डयूटी लगाकर प्रत्येक ट्रक की ट्रैकिंग निश्चित स्थान तक पहुंचाने तक करायेंगे। निर्देशित किया गया है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के विपरीत उर्वरक के भण्डारण व वितरण करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करायेंगे।

## मैहर कलेक्टर ने सुनी फोन पर समस्यायें

**सतना।** मैहर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष से शुक्रवार को कलेक्टर रानी बाटड़ ने दूरभाष क्रमांक 07674299232 से जिले के विभिन्न आंचलों से प्राप्त शिकायतो को ध्यान पूर्वक सुना एवं संबंधित विभागीय अधिकारी को निराकरण करने के निर्देश दिए।

## राज्यमंत्री ने किया चित्रकूट में शरदोत्सव की द्वितीय संध्या का सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ





**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** संस्कृति संचालनालय मध्यप्रदेश द्वारा भारतरत्न नानाजी देशमुख के 108वीं जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन सतना और दीन दयाल शोध संस्थान चित्रकूट के सहयोग से 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक बहुवर्णी कलाओं का समारोह शरदोत्सव का आयोजन उद्यमिता विद्यापीठ दीन दयाल परिसर चित्रकूट में किया जा रहा है। शरदोत्सव की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस द्वितीय संध्या में साधो बैण्ड एवं साथी मुम्बई का भक्ति गायन और सतना की सविता दाहिया के निर्देशन में भक्तिमती सबरी, लीला नाट्य की प्रमुख प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष साधना पटेल, सदगुरू सेवा संघ के ट्रस्टी डॉ. बीके जैन, एसडीएम जितेन्द्र वर्मा, संगठन सचिव अभय महाजन भी उपस्थित रहे।

## रेप के आरोप में फर्जी आर्मी मैन गिरफ्तार

### फेसबुक पर युवती से की दोस्ती, रुपए भी ऐंठे, होटल में खाना बनाता था, खुद को बताया फौजी



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** आर्मी मैन बनकर फेसबुक के जरिए दोस्ती बढ़ाने और फिर युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में सतना पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया हैं। पांच हजार का यह इनामी आरोपी पुलिस को एक साल तक चकमा देता रहा।

जानकारी के मुताबिक, सतना की सिटी कोतवाली पुलिस ने युवती को झांसा देकर उससे रुपए वसूलने और शादी का वादा कर बलात्कार करने के आरोप में कपिलेश तिवारी पिता शिवकुमार तिवारी (28) निवासी ग्राम सेमरिया थाना लौर जिला मऊगंज को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध 1 वर्ष पहले सिटी कोतवाली पुलिस ने आईपीसी की धारा 376 ,376 (2) (ह ) ,386 , 419 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन आरोपी फरार हो गया था। उसका मोबाइल फोन भी बंद हो गया था। सतना पुलिस अधीक्षक ने उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया था। एक साल तक चली तलाश के बाद सिटी कोतवाली पुलिस को सुराग मिला और उसे पकड़ कर जेल भेज दिया गया।

**होटल में खाना बनाता था, खुद को बताया फौजी:** पुलिस ने बताया कि आरोपी कपिलेश तिवारी नागपुर के किसी होटल में खाना बनाने का काम करता था, लेकिन उसने कहीं से आर्मी की वर्दी का जुगाड़ कर उसे पहन कर अपनी फोटो खिंचवा रखी थीं। उन तस्वीरों को उसने फेसबुक पर डाल रखा था और खुद को आर्मी मैन बताता था। इसी झूठ से उसने एक युवती से फेसबुक के माध्यम से दोस्ती की और फिर नजदीकियां बढा लीं। उसने युवती से शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। लंबे समय तक चले इस सिलसिले के दौरान उसने युवती से रुपए भी वसूले।

**युवती को वश में लेने तंत्र-मंत्र का सहारा लिया:** आरोपी ने युवती को अपने वश में रखने के लिए उसने तंत्र मंत्र का सहारा भी लिया। काफी वक्त गुजर जाने के बाद लगभग 1 साल पहले जब युवती ने कपिलेश से शादी की बात की और दबाव बनाया तो उसने टाल मटोल करना शुरू कर दिया। उसने युवती के फोटो वीडियो रिश्तेदारों को भेज कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया था। तब मामला थाना पहुंचा और शिकायत दर्ज कर तलाश शुरू की गई।

## एक हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

### लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा, ऋण पुस्तिका बनाने के लिए मांगे थे रुपए



**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** सतना जिले की रामपुर बघेलान तहसील के एक पटवारी को लोकायुक्त टीम ने एक हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार, रामपुर बाघेलान तहसील के कृष्णगढ़ हलके में पदस्थ पटवारी सुरेश कुमार साकेत को लोकायुक्त रीवा की टीम ने शुक्रवार को रिश्वत लेते रंगे हाथ ट्रैप कर लिया। पटवारी को रामपुर कस्बे में मन्नू साइकिल स्टोर के पास रिश्वत के तौर पर 1 हजार रुपए लेते पकड़ा गया। हालांकि, इस दौरान पटवारी ने भागने की भी कोशिश की, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका।

**ऋण पुस्तिका बनाने के लिए मांगी रिश्वत:** रामपुर बाघेलान तहसील के ग्राम कृष्णगढ़ चिल्हारी निवासी फरियादी रामनाथ प्रजापति ने बताया कि उसकी पैतृक जमीन का नामांतरण हुआ था। जमीन की ऋण पुस्तिका बननी थी, जिसके लिए उसने पटवारी सुरेश कुमार साकेत से बात की थी। पटवारी ने इस काम के लिए एक हजार रुपए रिश्वत मांगी। रामनाथ ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर रुपए देने में असमर्थता जताई थी। लेकिन, पटवारी ने उसकी नहीं सुनी। इसके बाद उसने इसकी शिकायत एसपी लोकायुक्त से की।

शिकायत की तस्दीक के बाद डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार की अगुआई में टीम ने रामपुर में दबिश देकर कार्रवाई की, ट्रैप दल में 12 सदस्य शामिल थे।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता बास्केटबाल बालक/बालिका 19 वर्ष खेल प्रतियोगियों का समापन द लबडेल सीनियर सेकेण्ड्री बगहा में सतना में किया गया। इस दौरान विद्यालय के चेयरमैन मृगेन्द्र सिंह ने कहा कि कभी भी सतना जिले में कोई भी प्रतियोगिता की जाये हमारा विद्यालय सहयोग हेतु हमेशा तत्पर रहेगा। इस मौके पर सभी खिलाडियों एवं आफीशियल्स को पुरूस्कार दिया गया एवं विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाडियों को पुरूस्कार एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। बालक वर्ग अंतर्गत उज्जैन एवं इंदौर संभाग के बीच बास्केट बाल की फइनल प्रतियोगिता हुई।

## किसानों को कीटनाशक दवा की उपलब्धता कराने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रबी वर्ष 2024-25 के लिए किसानों को सुगमता युक्त एवं उचित मूल्य पर उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं कालाबाजारी पर जमाखोरी के नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया है।

कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार निरीक्षण दल सहकारी एवं निजी आदान विक्रेताओं के विक्रय व भंडारण प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर आदान वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। निरीक्षण दल द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि डीएपी एवं यूरिया उर्वरक के साथ उर्वरक कम्पनी के अन्य उत्पादों की टैंगिंक उर्वरक विकेताओं के द्वारा न की जायें। अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985, बीज नियंत्रण आदेश 1983, कीटनाशी अधिनियम 1968 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही की जायेगी। जिला स्तरीय निरीक्षण दल में सहायक संचालक कृषि आरएस बागरी, संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं संबंधित तहसील के तहसीलदार को दल प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार सहायक दल प्रभारी के रूप में वरिष्ठ कृषि अधिकारी अशोक कुमार निगम, तकनीकी सहायक गणेश मिश्रा एवं पुष्पेन्द्र पाल तथा संबंधित विकासखण्ड के उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षक को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल हर सप्ताह न्यूनतम दो विकासखण्डों का भ्रमण कर निरीक्षण प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

## विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के लिए है सकारात्मक वातावरण : कमिश्नर

# कमिश्नर ने औद्योगिक निवेश के लिए उद्योगपतियों से किया संवाद






**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने उद्योगपतियों से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संवाद किया। संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर एवं उद्योगपति वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। कमिश्नर ने कहा कि विन्ध्य में प्राकृतिक संसाधन भरपूर हैं। उद्योगों की स्थापना के लिए यहाँ पूरे अवसर हैं। इन अवसरों को अमलीजामा पहनाने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की विशेष पहल पर 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। अब विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री 20 अक्टूबर को एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह स्थल पर भी संभाग के उद्योगपतियों से क्षेत्र के औद्योगिक विकास के संबंध में संवाद करेंगे।

वीडियो कान्फ्रेसिंग की गूगल बैठक में कमिश्नर ने कहा कि उद्योगपतियों ने धान की मिलिंग नीति, बिजली की आपूर्ति में सुधार, औद्योगिक क्षेत्र में दोहरा कराधान तथा अधोसंरचना विकास सहित जो भी मुद्दे उठाए हैं उन्हें यथा शीघ्र हल करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी नीतिगत मुद्दों को वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। औद्योगिक निवेश तथा उद्योगों के विकास की सभी बाधाएँ दूर की जाएंगी। संभाग के सभी उद्योगपति 20 अक्टूबर की बैठक तथा 23 अक्टूबर को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। सब मिलकर विन्ध्य के विकास के लिए विचार मंथन कर उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। बैठक में सतना के एनआईसी वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष से सतना के उद्यमी रामचन्द्र भारती, सतना उद्योग संघ के मनविंदर ओबराय, गोपी गेलानी, पंकज आहूजा, ललित महेश्वरी, जयदेव ताम्रकार सहित अन्य उद्योगपतियों ने उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम में कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, महाप्रबंधक उद्योग केन्द्र राहुल दुबे, सहायक महाप्रबंधक आरएल पाण्डेय, सहित अन्य अधिकारी एवं उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विकासखण्ड स्तरीय सुरक्षा जवान भर्ती मेला आज मैहर में

**मीडिया ऑडीटर, सतना निप्र।** शासकीय आईटीआई सतना एवं जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/हाउस कीपिंग पद की भर्ती के लिये जिले की समस्त शासकीय आईटीआई संस्थाओं में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 24 अक्टूबर तक जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में अलग-अलग तिथियों में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कर सिक्योरिटी सर्विस में सिक्योरिटी गार्ड/सुपरवाइजर/एनसीओ/हाउस कीपिंग पद के लिये योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 19 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई मैहर, 21 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई अमरपाटन, 22 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई बिरसिंहपुर तथा 24 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई सतना में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें आयु 18 से 37 वर्ष आयुवर्ग तथा योग्यता 8वीं, 10वीं पास/फेल, 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार आवेदक अपने मूल रिकार्ड के साथ निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। भर्ती से संबंधित जानकारी के लिए भर्ती प्रबंधक मो. 9981808847, 6263787387 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।